वर्ष 24, अंक 236, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 6 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार का आश्वासन,

## देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं




**नई दिल्ली**
पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच भारत वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की तलाश कर रहा है, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने भारत को गैस बेचने की पेशकश की है। सरकारी सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सरकार गैस खरीदने के लिए वैकल्पिक बाजारों की खोज कर रही है, क्योंकि भारत वर्तमान में प्रतिदिन 195 मिलियन मीट्रिक मानक घन मीटर (एमएमएससीएमडी) गैस आयात करता है, जिसमें से कतर 60 मिलियन एमएमएससीएमडी की आपूर्ति करता है। भारत कच्चे तेल और एलपीजी की खरीद के लिए प्रमुख तेल उत्पादकों और व्यापारियों से बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) और पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के साथ भी चर्चा कर रही है। भारत जहाजों के बीमा के लिए अमेरिका से भी बातचीत कर रहा है।
सूत्रों ने आगे बताया कि पेट्रोल और डीजल की राशनिंग की कोई योजना नहीं है। आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं। कतर वैश्विक एलएनजी आवश्यकताओं का 20% आपूर्ति करता है। कतर एनर्जी ने अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) घोषित कर दी है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जीएआईएल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) भी अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) घोषित करेगी।

**संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के साथ नया अनुबंध**
देश ने हाल ही में अपनी ऊर्जा आपूर्ति को बढ़ाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के साथ एक नया अनुबंध किया है। सूत्रों के अनुसार, भारत दिन में दो बार ऊर्जा स्थिति की समीक्षा कर रहा है और ऊर्जा सुरक्षा के मामले में काफी मजबूत स्थिति में है। भारत का मौजूदा भंडार भी पर्याप्त है और प्रतिदिन नए भंडार भरे जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, विश्व में एलपीजी, एलएनजी और कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। सूत्रों ने बताया कि भारत अन्य आपूर्तिकताओं के भी संपर्क में है। पश्चिम एशिया में चल रही उथल-पुथल के बीच, सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास आठ सप्ताह का कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार है, जिसमें रणनीतिक भंडार भी शामिल हैं। भारत के कच्चे तेल आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत ही होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, जिससे क्षेत्रीय व्यवधानों का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में बदलती स्थिति के बावजूद देश ऊर्जा सुरक्षा के मामले में मजबूत स्थिति में बना हुआ है।

## दिल्ली में और भी सशक्त बनेंगी महिलाएं

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की कई बड़ी योजनाओं की शुरूआत

**नई दिल्ली**
दिल्ली में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सोमवार का दिन एक महत्वपूर्ण पड़ाव बन गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित ह्यसशक्त नारी, समृद्ध दिल्लीह्न कार्यक्रम में महिलाओं और बेटियों के विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ किया.
इस अवसर पर दिल्ली लखपति बिटिया योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड और होली-दिवाली पर निशुल्क गैस सिलेंडर योजना जैसी पहलें शुरू की गईं, जबकि लाडली योजना के तहत 40,642 बालिकाओं के खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई.

**महिला सशक्तिकरण की नई पहल का भव्य शुभारंभ**
इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और



बालिकाएं मौजूद रहीं. इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा और डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं को औपचारिक रूप से जनता के सामने प्रस्तुत किया गया.

**महान महिलाओं के योगदान को किया याद**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यमेरी पूंजी, मेरा अधिकारह्न, सहेली स्मार्ट कार्ड और दिल्ली लखपति बिटिया जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि ये पहलें महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगी और समृद्ध दिल्ली के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगी.
उन्होंने भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक बताते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, रानी गाइडिनल्यू और सरोजिनी नायडू जैसी महान महिलाओं के योगदान को याद किया. राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं सेना, विज्ञान, खेल, राजनीति और व्यापार सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

## गौशाला निर्माण को लेकर दो समुदायों में झड़प, कई घायल

**भीलवाड़ा**
**भीलवाड़ा** जिले के कोटड़ी क्षेत्र के कालिरड़िया गांव में गौशाला निर्माण को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव हो गया. दोनों पक्षों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक पहुंच गया. इस दौरान लाठी, डंडे और पत्थरों से हुई झड़प में करीब 7 से 8 लोग घायल हो गए.
घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए भीलवाड़ा रेफर किया गया है. घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है.

**गौशाला निर्माण के दौरान शुरू हुआ विवाद**
जानकारी के अनुसार बड़लियास थाना क्षेत्र के आमा ग्राम पंचायत के कालिरड़िया गांव में गौशाला का निर्माण कराया जा रहा था. इसी दौरान किसी बात को लेकर दो समुदायों के लोगों के बीच विवाद हो गया. पहले दोनों पक्षों के बीच बहस हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला बढ़ गया ।

## शरद पवार के लिए बड़ी राहत, एकनाथ शिंदे के एक फैसले से बदल गया समीकरण

**महाराष्ट्र**
**राज्यसभा** चुनाव में आखिरी समय पर बड़ा ट्विस्ट देखने को मिला. दो उम्मीदवार उतारने की चर्चा के बीच एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना ने अंततः सिर्फ एक ही उम्मीदवार मैदान में उतारा. ज्योति वाघमारे ने नामांकन दाखिल किया, जबकि रोहित तिलक ने नामांकन नहीं भरा. इसके चलते महाराष्ट्र की सात सीटों के लिए सात ही नामांकन दाखिल हुए और चुनाव अब निर्विरोध होना तय हो गया है.
राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी की ओर से चार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की ओर से एक और शिवसेना (शिंदे गुट) की ओर से एक, कुल 6 नामांकन दाखिल किए गए हैं. दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी की तरफ से शरद पवार ने नामांकन भरा है. इस तरह कुल सात उम्मीदवार होने से चुनाव निर्विरोध हो गया है.

**एकनाथ शिंदे ने नहीं दिया दूसरा उम्मीदवार**
शिवसेना के पास अतिरिक्त 20 वोट और एनसीपी के पास अतिरिक्त तीन वोट थे. ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि एकनाथ शिंदे दूसरा उम्मीदवार उतारकर शरद पवार के सामने चुनौती खड़ी करेंगे. रोहित तिलक के नाम की भी चर्चा थी।
लेकिन अंतिम समय में शिंदे गुट ने दूसरा उम्मीदवार नहीं उतारा और चुनाव निर्विरोध हो गया।

## कनॉट प्लेस में खिला बसंत का उत्सव

### सीएम रेखा गुप्ता ने किया भव्य पुष्प महोत्सव का उद्घाटन

**नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** का सेंट्रल पार्क इन दिनों रंगों, खुशबुओं और उत्साह से सराबोर है. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय पुष्प महोत्सव का शुभारंभ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया. 15 हजार से अधिक गमलों में सजे 48 किस्म के फूलों ने कनॉट प्लेस को एक जीवंत फ्लोरल गैलरी में बदल दिया है.
नई दिल्ली के सेंट्रल पार्क में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया. इस अवसर पर पालिका परिषद के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष



कुलजीत सिंह चहल, परिषद सदस्य अनिल वाल्मीकि और सचिव राहुल सिंह भी मौजूद रहे. उद्घाटन के साथ ही पार्क में मौजूद लोगों ने फूलों की रंगीन छटा का आनंद लिया.

**ट्यूलिप के लिए अब कश्मीर जाने की जरूरत नहीं**
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एक समय था जब ट्यूलिप देखने के लिए दिल्लीवासियों को कश्मीर जाना पड़ता था. लेकिन अब एनडीएमसी हर साल राजधानी में ही ट्यूलिप की बहार लेकर आ रही है. उन्होंने कहा कि यह आयोजन अब सेल्फी फेस्टिवल का रूप ले चुका है, जहां लोग फूलों के साथ तस्वीरें लेकर इस पल को यादगार बना रहे हैं.

**फाल्गुन में रंगों से सजी नई दिल्ली**
मुख्यमंत्री ने कहा कि फाल्गुन का महीना अपने आप में रंगों और उमंग का प्रतीक है. एनडीएमसी ने सेंट्रल पार्क में चुनिंदा फूलों के साथ ऐसा वातावरण तैयार किया है ।

## रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास लगी भीषण आग, करीब 50 झुग्गियां जलकर खाक

**नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में गुरुवार सुबह एक बड़ी आग लगने की घटना सामने आई. रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास बनी झुग्गियों में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कई झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं.
फायर विभाग के अनुसार आग लगने की सूचना सुबह करीब 4:15 बजे मिली थी. सूचना मिलते ही दमकल विभाग तुरंत हरकत में आया और करीब 15 दमकल गाड़ियों को मौके के लिए रवाना किया गया. मौके पर पहुंचकर दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया.

**आग पर पाया गया काबू**
दमकलकर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. झुग्गियों में ज्वलनशील सामान और एक-दूसरे से सटी हुई झोपड़ियों की वजह से आग तेजी से फैल गई थी. हालांकि कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर लगभग काबू पा लिया।

## ईरान में फंसे उत्तराखंड के 35 लोग, परिवारों की बढ़ी चिंता,

### सीएम बोले- सभी को लाया जाएगा सुरक्षित



**उत्तराखंड**
**अमेरिका** और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच ईरान में उत्तराखंड के करीब 35 लोग फंसे होने की जानकारी सामने आई है. इनमें सबसे अधिक लोग हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं. इस खबर के सामने आने के बाद उनके परिवारों में चिंता का माहौल बन गया है. परिजन लगातार अपने रिश्तेदारों से फोन के जरिए संपर्क बनाए हुए हैं और वहां के हालात की जानकारी ले रहे हैं. सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी को सुरक्षित वापस लाया जाएगा.
जानकारी के अनुसार, परिवार वालों का कहना है कि हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं. जिससे उन्हें अपने प्रियजनों की सुरक्षा को लेकर डर सता रहा है और वे जल्द से जल्द उनके सुरक्षित भारत लौटने की उम्मीद कर रहे हैं.

**ईरान में फंसे उत्तराखंड के 30 लोग**
मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है. उन्होंने कहा कि मंगलौर क्षेत्र के करीब 30 लोग इस समय ईरान में फंसे हुए हैं और वहां की स्थिति को देखते हुए सरकार को उनके लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए. विधायक ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वहां मौजूद भारतीयों को फिलहाल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और उनके रहने, खाने-पीने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाए. उन्होंने यह भी कहा कि जैसे ही वहां के हालात सामान्य होते हैं।

## पूर्व क्रिकेटर कपिल देव को सीएम योगी ने दी अहम जिम्मेदारी

**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर** प्रदेश स्थित गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में ङऊऋ अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व क्रिकेटर को अहम जिम्मेदारी सौंपी है.
उन्होंने कहा है कि कहा कपिल देव सेवा के क्षेत्र में काम करेंगे,क्रिकेट में कपिल देव ने नाम कमाया,अब सेवा के क्षेत्र में नाम कमाएंगे'स्वास्थ्य क्षेत्र सभी के लिए महत्वपूर्ण,सभी को स्वास्थ्य की चिंता होती है,यूपी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम हुआ.
इसके अलावा सीएम ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का कार्ड नहीं बन पाया है, तो उसके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है.
पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री राहत कोष से लगभग ?1,300 करोड़ की धनराशि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उपलब्ध कराई गई है.

**आज देश में 23 एम्स कार्यरत- सीएम**
सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा के शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, शिक्षामित्र, अनुदेशक तथा बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत रसोइयों को भी ?5 लाख



तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है.
उन्होंने कहा कि साल 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में गवर्नमेंट सेक्टर में केवल 17 मेडिकल कॉलेज ही संचालित थे. आज उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में ह्यवन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेजह्न के लक्ष्य को लगभग प्राप्त कर लिया गया है ।
और वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं.
मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 तक भारत में केवल 6 एम्स ही कार्य कर रहे थे. आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए इनिशिएटिव के परिणामस्वरूप देश में वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटी के साथ 23 एम्स कार्यरत हैं और बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

## हापुड़ हत्याकांडः बहादुरगढ़ थाने पर शव रखकर हंगामा

**हापुड़**
**यूपी** के जनपद के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पुष्पावती पूठ में 30 वर्षीय युवक विजय की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है. गुरुवार (5 मार्च) को विजय का शव गांव पहुंचते ही आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बहादुरगढ़ थाने का घेराव किया. न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने थाने के मुख्य द्वार पर शव रखकर जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया.
प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पावती पूठ निवासी विजय (30 वर्ष) होली की शाम अपने घर के बाहर टहल रहा था. इसी दौरान



बाइक पर सवार होकर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. विजय को तीन गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर हथियार लहराते हुए फरार हो गए. इस हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है.

**थाने के बाहर प्रदर्शन और पुलिस की मुस्तैदी**
गुरुवार (5 मार्च) को पोस्टमार्टम के बाद जब विजय का शव घर पहुंचा, तो परिजनों का सब्र टूट गया. हत्यारों की गिरफ्तारी न होने से नाराज ग्रामीण शव को लेकर थाने पहुंच गए.
हंगामे की गंभीरता को देखते हुए सीओ स्तुति सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं. उन्होंने आक्रोशित परिजनों से वार्ता की और उन्हें निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

## बिहार को जंगलराज से मुक्ति, कुर्ते पर कोई दाग नहीं...

### अमित शाह ने नीतीश कुमार की जमकर की तारीफ

**बिहार**
**बिहार** में राज्यसभा चुनाव को लेकर गृहमंत्री अमित शाह पटना पहुंचे. वह राज्य से उच्च सदन के लिए बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार नामांकन दाखिल कराने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की.
साथ ही कहा कि नितिन नवीन राज्य में लंबे समय तक यशस्वी राजनीति करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं. अब वो राज्यसभा के माध्यम से संसद में भी अपना योगदान देंगे. हम सब ठऊअ के सदस्य, भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता नितिन नवीन का राष्ट्रीय राजनीति में और संसद में स्वागत करते हैं.

**बिहार में उनका इतिहास स्वर्णिम पृष्ठ पर लिखा जाएगाः शाह**
उन्होंने आगे कहा, 'आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्यसभा में अपना नामांकन दाखिल किया है. इसके साथ ही बहुत ही लंबे अरसे के बाद नीतीश कुमार फिर से एक बार राष्ट्रीय राजनीति में राज्यसभा सांसद के नाते प्रवेश करेंगे. 2005 से लेकर आज तक नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री रहे. उनका ये कार्यकाल बिहार के इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठ के रूप में लिखा जाएगा और बिहार के विकास के सारे मायने को उन्होंने गति देने का काम किया. उन्होंने अपने शासन काल में बिहार को जंगलराज से मुक्त करने का काम किया.'



**सांसद, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहते कुर्ते पर दाग नहींः शाह**
गृहमंत्री ने कहा, 'उन्होंने न केवल बिहार की सड़कों को गांव तक जोड़ा, उसकी स्थिति में भी सुधार किया. इतने लंबे कार्यकाल में विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहते हुए उनके कुर्ते पर कभी दाग नहीं लगा. भ्रष्टाचार का आरोप लगे बिना इतना लंबा राजनीतिक सफर शायद ही किसी ने तय किया हो जो नीतीश कुमार ने तय किया है. बिहार के हर गांव, हर घर में बिजली पहुंचाने में भी उनका बहुत बड़ा योगदान रहा. हमेशा नीतीश कुमार सादगी, सूचिता और सार्वजनिक जीवन के उच्चतम मूल्यों के पक्षधर रहे जिनका पालन उन्होंने भी किया. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल तक बिहार को हर प्रकार से आगे ले जाने में अपना योगदान किया.'

**पीएम मोदी द्वारा भेजी गईं उनके नेतृत्व में जन-जन तक पहुंचीः शाह**
गृहमंत्री शाह ने आगे कहा, 'उनके नेतृत्व में ही पीएम मोदी द्वारा भेजी गई सभी योजनाएं बिहार के जन-जन तक पहुंची. 1974 के जयप्रकाश आंदोलन के वे प्रमुख नेता रहे हैं और तब से लेकर आज तक पूरा जीवन जे.पी. के सिद्धांतों पर बिताने का प्रयास किया. फिर से एक बार राज्यसभा सांसद होने के नाते वे दिल्ली आ रहे हैं।

# होलागढ़ में गाड़ी हटाने के विवाद में अधेड़ को कार सवार बदमाशों ने मारी गोली, हालत नाजुक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागरा ।** बुधवार की दोपहर कस्तूरीपुर हरिकिशन गांव में रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर राम आसरे यादव को कार सवार बदमाशों द्वारा गोली मार दी गई। गोली लगने से अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। गोली लगने से अंधेड़ घायल होकर जमीन पर गिरकर तड़पने लगा तो वही गोली की आवाज सुनकर गांव में अफरा तफरी मच गई। हमलावर कार से भाग निकले । जबकि ग्रामीणों ने दौड़ाकर एक व्यक्ति को धर दबोचा। वहीं ग्रामीणों ने कार को भी तोड़फोड़ करते हुए पकड़े गए युवकों की पीटाई करने लगे। वहीं होली पर्व पर गोली मारने की खबर पर होलागढ़ पुलिस आनन-फानन मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सदर के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां हालत गंभीर बताईं जा रही है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल घटना के बाद गांव में खलबली मची हुई है। होलागढ़ थाना क्षेत्र कस्तूरीपुर हरिकिशन गांव में कार सवार से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद चार-पांच कार सवार बदमाश गांव पहुंचे जहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कार सवार बदमाशों द्वारा तमंचे से गोली मार दी गई। गोली लगने से गांव के ही राम आसरे यादव (50) पुत्र राम चरण यादव घायल हो गया। वहीं हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंचे राम कैलाश की भी बेरहमी से पीटाई करते हुए भागने लगे।उधर गोली की आवाज सुनकर जब गांव के लोग दौड़े तो हमलावरों द्वारा धमकी देते हुए भागने लगे। वहीं ग्रामीणों ने दौड़ाकर एक हमलावर को पकड़ते हुए पीटाई कर दी। घटना की खबर पर होलागढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार मिश्र मयफोर्स के साथ गांव पहुंचकर घायल को इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि पकड़े गए युवक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल घटना के बाद पुलिस ने युवकों के साथ कार को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

होलागढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना मामले में राम कैलाश यादव की तहरीर पर छः नामजद एवं सात से आठ अज्ञात पर प्रार्थमिकी दर्ज की जा रही है और हिरासत में लेकर एक युवक से पूछताछ की जा रही है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की मौत, बाइक सवार गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** सोरांव थाना क्षेत्र के मलाक चौधरी गांव में एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने मलाक चौधरी गांव निवासी विनोद पटेल उर्फ नौचंदी पुत्र स्व0 राम लाल पटेल (25) को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें उसकी मौत हो गई वहीं बाइक सवार भदरी निवासी अमित कुमार यादव पुत्र नाटे यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

आपको बता दें कि गुरूवार को सोरांव क्षेत्र के मलाक चौधरी गांव में सड़क पार कर रहे मलाक चौधरी निवासी विनोद पटेल उर्फ नौचंदी पुत्र स्व0 राम लाल पटेल (25) को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने के बाद विनोद पटेल उर्फ नौचंदी मौके पर बेहोश गया। बेहोशी की हालत में परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की एक बेटी (5) है। वहीं टक्कर मारने के बाद बाइक सवार भदरी निवासी अमित कुमार यादव पुत्र नाटे यादव अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आने से उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। वहां पर मौजूद लोग उसे नजदीकी अस्पताल ले गये हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष सोरांव केशव वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।



मृतक विनोद पटेल उर्फ नौचंदी की फाइल फोटो

## क्रिकेट विवाद, दो समुदाय आमने-सामने, मऊआइमा के किरांव में तनाव



**प्रयागराज।** मऊआइमा क्षेत्र के किरांव गांव में क्रिकेट की गेंद को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। यह घटना किरांव स्थित चौहान का पूरा में हुई। मुस्लिम समुदाय के कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे, तभी उनकी गेंद पास में स्थित कुलदीप सरोज के छप्पर पर चली गई। किरांव निवासी सहजाद पुत्र इलियास ने गेंद वापस मांगी, तो छप्पर के पास मौजूद हिंदू पक्ष के अनंत (पुत्र नन्हे, लगभग 21 वर्ष) और अब्बे (पुत्र राजू, लगभग 21 वर्ष) सहित 4-5 अन्य युवकों ने गेंद देने से इनकार कर दिया।गेंद वापस न मिलने पर दोनों समुदायों के लोग आपस में भिड़ गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल ने गांव में फ्लैग मार्च भी किया।सूत्रों के अनुसार, जब दोनों पक्ष आमने-सामने हुए तो एक पक्ष द्वारा हवाई फायरिंग करने का मामला भी सामने आया है, हालांकि पुलिस ने इस तरह की घटना से इनकार किया है। दरअसल, यह पूरा मामला दलित समुदाय और मुस्लिम समुदाय के बीच एक जमीन के हिस्से को लेकर चल रहे कब्जेदारी विवाद से संबंधित है, जिसका मुकदमा न्यायालय में भी चल रहा है। इसी जमीन के टुकड़े को लेकर आए दिन दोनों समुदाय आमने-सामने आ जाते हैं।घटना के बाद एसीपी फूलपुर विवेक यादव के नेतृत्व में गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। एसीपी फूलपुर विवेक यादव ने बताया कि विवाद बच्चों के क्रिकेट खेलने को लेकर शुरू हुआ था, जिसके बाद दोनों समुदाय आमने-सामने आ गए। मौके पर पुलिस बल तैनात है और तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# होली पर भारतगंज, मांडा खास में निकला जुलूस



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र स्थित मांडा खास और भारतगंज नगर पंचायत कस्बों में होली के दूसरे दिन गुरुवार को जुलूस निकाला गया। डीजे और साउंड के साथ निकाले गए इस जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। गुरुवार शाम को भारतगंज में बुड्ढी माता धाम से शुक्रवारी बाजार होते हुए मुख्य मार्ग पर डीजे के साथ जश्न मनाया गया। इस दौरान भारतगंज, मांडा खास, चिलबिला, हाटा और मांडा रोड पर लोगों ने 'कपड़ा फाड़' होली खेली। शाम करीब साढ़े पांच बजे डीजे के साथ झांकियां भी निकाली गईं। भारतगंज में सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, भारतगंज की ईओ बंटी कुमारी, पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष सिंह, विक्की गुप्ता, उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह और शिव कुमार गोयल सहित क्षेत्र व कस्बे के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा ने अराजकता फैलाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया था।होली के दौरान नशे में धुत होकर बाइक से गिरने से कुछ लोग घायल हुए, वहीं कुछ गांवों में शराब पीकर मारपीट और गाली-गलौज की भी सूचनाएं मिलीं। इन सूचनाओं पर मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने मौके पर पहुंचकर लोगों से होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने अराजकता फैलाने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की बात भी कही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, पत्नी ने प्रेमिका पर लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के निरौधा गांव में युवक की आत्महत्या के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। घटना के बाद मृतक की पत्नी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि समय रहते कार्रवाई होती तो उसके पति की जान बच सकती थी। वहीं गुरुवार को एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें मृतक की पत्नी ने चेतावनी दी कि जब तक इस मामले में नामजद महिला के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि निरौधा गांव निवासी रामबाबू साहू (35) ने बुधवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस बीच सामने आई नई जानकारी ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।

बताया जा रहा है कि 1 मार्च 2026 को दोपहर करीब दो बजे डेरा गांव निवासी लजोधर पुत्र गुरुदीन आदिवासी अपनी बेटी प्रीति के साथ निरौधा पहुंचा था। आरोप है कि वह रामबाबू साहू के घर पर पहुंचकर हंगामा करने लगा और पांच लाख रुपये की मांग करने लगा। उसने आरोप लगाया कि रामबाबू ने उसकी पत्नी निर्मला को कहीं बेच दिया है। हालांकि रामबाबू और उसकी पत्नी फोटो देवी ने इन आरोपों को पूरी तरह झूठा बताया था।

इसी बीच मृतक की पत्नी ने एक और गंभीर आरोप लगाया है। उसके अनुसार उसने 7 फरवरी को कौंधियारा थाने में एक शिकायती पत्र देकर अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया था कि उसकी पांच वर्षीय बेटी है और उसका पति रामबाबू लंबे समय से एक महिला विमला देवी के साथ संबंध में है। आरोप है कि 28 दिसंबर से ही रामबाबू उक्त महिला को लेकर घर से लापता था। बावजूद इसके पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

पत्नी का यह भी आरोप है कि घटना वाले दिन बुधवार को रामबाबू और विमला देवी के बीच कई घंटों तक फोन पर बातचीत हुई थी। उसके पास दोनों की बातचीत का ऑडियो और कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी मौजूद हैं। इसी को लेकर दोनों के बीच तनाव बढ़ गया था।

गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें मृतक की पत्नी साफ तौर पर कहती नजर आ रही है कि यदि पुलिस ने विमला देवी को गिरफ्तार नहीं किया तो वह अपने पति के शव का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी। उसने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है।

घटना के बाद निरौधा गांव में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर के बाहर जुटे रहे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।



मृतक रामबाबू साहू की फाइल फोटो



## न्यूज झरोखा

### होली खेलईं रघुबीरा अवध में होली खेलईं रघुबीरा



**जंघई।** होली का त्योहार चनेथू एवं धनऊपुर गांव में हर्षोल्लास से मनायी गई सुबह से ही युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल लगाने के लिए गली-मोहल्लों में निकल पड़ीं वहीं बच्चों ने भी जमकर होली खेली। सड़कों पर होली की रौनक दिखी वहीं गांव में पारंपरिक तरीके से होली खेली गई सुबह से ही युवाओं और बच्चों ने घरों से बाहर गली मोहल्लों में निकलकर होली खेली। लोगों ने चाट-पकौड़ी, पापड़ चिप्स गुझिया का आनंद लिया सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी शाम के समय एक-दूसरे के घर जाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर दीप मिश्र, विकास दुबे, अखिलेश दुबे, आकाश दुबे, आयुष दुबे, स्वामी राघवेंद्र दास महाराज, प्रियांशु दुबे, अमित मिश्रा, आयुष तिवारी, शुभ मिश्रा, शांतनु मौर्य, आदर्श तिवारी, संस्कार तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### जंघई में कपड़ा फाड़ होली, डीजे ढोल नगाड़ों पर थिरके सैकड़ों युवा



**जंघई।** होली रंगों की मस्ती और हुड़दंग का त्योहार है जंघई में होली खेलने वालों पर कुछ ऐसा सुरूर सवार होता है की लोग रंग लगाते-लगाते एक दूसरे का कपड़ा ही फाड़ देते है। लेकिन होली की मस्ती देखिये, लोग इसका जरा भी बुरा नहीं मानते और उसके बाद शुरू होता है डीजे की धुनों पर नाचने का सिलसिला जो नानस्टाप चलता रहता है जिसमें बाजार एवं आसपास गांव के नौजवान युवा पहुंचकर होली का त्योहार बढ़ चढ़ कर मनाते हैं तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजन का लुत्फ उठाया जाता है और अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दिया गया। चौकी इंचार्ज जंघई शरद सिंह, उप निरीक्षकों में अंकेश गिरी, रामसुथर यादव, हरिशंकर सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार एवं जामवंत सिंह, कांस्टेबल मंजीत कुमार एवं साहब सिंह सहित समस्त स्टाफ द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए दिन जंघई बाजार एवं चौकी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आवागमन करते हुए निगरानी करते रहे। इस अवसर पर जंघई व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जायसवाल, पप्पू जायसवाल, राजू सिंह, पिंटू जायसवाल, जिम्मी जायसवाल, विक्की जायसवाल, सुजल जायसवाल, विकास जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### चौका गांव की होली में जमकर नाचे सैकड़ों युवा



**जंघई।** चौका गांव में नौजवानों ने जमकर होली खेला और आवागमन करने वाले राहगीरों को भी जमकर रंग अबीर-गुलाल लगाकर होली खेला। होली पर्व पर सबसे अधिक उत्साह होता है नौजवानों एवं बच्चों में होली पर्व पर अति उत्साह रहता है जमकर उछल कूद करते हैं और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं।युवा डीजे की धून पर जमकर थिरके और गोझिया, चिप्स, पापड़, रसभंगा सहित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। रंग खेलने के बाद दोपहर के बाद घर घर जाकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर एडवोकेट नीरज मिश्र, बंटी मिश्र, बऊ पांडेय, दीपक मिश्र, सत्यम मिश्र, मुकेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, धीरज मिश्र, माधोलाल मिश्र, संतोष मिश्र, सरोज मिश्र, आशीष मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सहसों में भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



**सहसों।** क्षेत्र में रंगों का पावन पर्व होली क्षेत्र में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और शांति व उत्साह के साथ पर्व का आनंद लिया। होली के अवसर पर गली-मोहल्लों और घरों में बच्चों, युवाओं, युवतियों और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ रंग-गुलाल उड़ाते हुए जमकर मस्ती की। जगह-जगह साउंड बॉक्स लगाकर लोग होली के पारंपरिक और फिल्मी गीतों पर झूमते नजर आए। ह्लहोली खेले रघुबीराह्व, ह्लरंग बरसे भीगे चुनरवालीह्व, ह्लरंग में भंग जमा हो चकाचकह्व, ह्लफागुन में श्याम खेलत होलीह्व जैसे गीतों पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने जमकर नृत्य किया और पर्व का आनंद लिया। शाम होते-होते होली खेलने वालों की टोलियां ढोल-ताशों के साथ मोहल्लों में घूमती रहीं। लोग एक-दूसरे के घरों पर रुककर फाग गीत गाते रहे और गुझिया, पापड़ सहित अन्य पकवानों का स्वाद लिया। इसके बाद लोगों ने हर्बल गुलाल और अबीर लगाकर एक-दूसरे को गले लगाया, मंगलकामनाएं दीं और बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह सहसों सहित भोपतपुर, मीरापुर, सिंगरामऊ, चकिया घरहरा, चंदरपुर उर्फ बसमहुआ, चंदौहां, कांदी, कसेरुआ, मेड़ुवा, भवनकुइयां, जगबंधनपुर, देवनहरी और रामनाथ पट्टी सहित आसपास के गांवों में भी लोगों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। होलियारों के साथ सभी लोगों ने लिज्जत पकवान और दुधभंगे का लुत्फ उठाया।

### आधुनिकता की चकाचौंध में फीकी पड़ती फगुआ और चौताल की परंपरा

**करछना।** क्षेत्र के गांवों में कभी होली के आगमन से महीनों पहले फगुआ और चौताल की मधुर धुन गूंजने लगती थी, लेकिन अब यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती दिखाई दे रही है। पहले गांव की चौपालों पर ढोल-मजीरे की थाप के साथ टोली बनाकर लोग फगुआ गाते थे और बच्चे-बुजुर्ग सभी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। देवरी, महेवा, भडेवरा, बसई, कचरी, हिंदूपुर, मनैया, गलुवाबाद और कपठुवा समेत कई गांवों में फगुआ चौताल गाने वाले कई बुजुर्ग कलाकार प्रसिद्ध थे। होली के अवसर पर उन्हें विशेष रूप से बुलाकर गीत-संगीत का आयोजन किया जाता था। लेकिन बदलते समय और आधुनिकता की बढ़ती चमक के बीच नई पीढ़ी में इस परंपरा के प्रति उत्साह कम होता जा रहा है। बुजुर्गों के साथ-साथ फगुआ गाने वाले कलाकार भी कम होते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप होली की वह पुरानी रंगत और लोकगीतों की मिठास अब गांवों में कम ही सुनाई देती है।

### परंपरा को कायम रखते हुए बच्चों ने पार की जलती होलिका

**करछना।** यमुनापार के करछना क्षेत्र के मछहर उर्फ.पुरवा गांव में होलिका दहन के बाद प्राचीन परंपरा का अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां 11 वर्ष की आयु के 11 बच्चों ने जलती होलिका को पार कर परंपरा का निर्वहन किया। इस दृश्य को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। गांव में शुभ मुहूर्त पर आचार्यों की मौजूदगी में विधि-विधान से होलिका पूजन किया गया, जिसके बाद दहन किया गया। परंपरा के अनुसार पहले बच्चों ने होलिका की परिक्रमा की और फिर बारी-बारी से हाथ जोड़कर जलती होलिका को पार किया। ग्रामीणों के अनुसार इस परंपरा को निभाने वाले बच्चे पूरे दिन जूता-चप्पल और साबुन का उपयोग नहीं करते तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। होलिका दहन के बाद ग्रामीणों ने फाग और होली गीत गाकर पर्व का आनंद लिया। इस दौरान गांव में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

### नैनी क्षेत्र में धूमधाम से दूसरी होली मनाई गई



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मेवालाल बगिया चौराहा के पास नैनी व्यापार मंडल एवं श्री नवदुर्गा चेतना मंच द्वारा होलिका दहन और होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नैनी क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक व व्यापारी मौजूद थे। एक दूसरे को अबीर लगा कर स्वागत किया। इस मारोह में डीसीपी जमुनानगर, एसीपी करछना, नैनी थाना प्रभारी ब्रज किशोर गौतम, चौकी इंचार्ज समेत नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष केशरवानी, महामंत्री एवं संचालक घनश्याम जायसवाल क्षेत्र के व्यापारी मौजूद थे, इस मौके पर डीसीपी जमुनानगर ने कहा होली का पर्व भाईचारे का प्रतीक है और कहा एक दूसरे को रंग लगाकर शांति पूर्ण व्यवस्था से पर्व मनाए। महामंत्री रमेश केसरवानी, चंद्रबली जाटव, दिलीप कौशल, मोनू जायसवाल, गौरव गौड़, नीरज अग्रहरि, समाजसेवी राजेश शर्मा, संजय जायसवाल, मोहित सेठी, बबलू कौशल, प्रहलाद कौशल, राजेंद्र जयसवाल, आशीष जायसवाल, धर्मराज पटेल तमाम व्यापारी नागरिक शामिल थे।

### 9 लीटर देशी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक व्यक्ति को 9 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हाटा गांव में की गई, जहां आरोपी के कब्जे से शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से देशी शराब के एक कार्टून में कुल 45 पाउच मिले, जिनकी मात्रा लगभग 9 लीटर है। इस संबंध में मांडा थाने में उपनिरीक्षक आमिर खान उस्मानी ने आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहम्मद अजीज पुत्र मोहम्मद शखावत के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र के कुंदन साकेतटोला चक्का गांव का निवासी है, लेकिन वर्तमान में प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के हाटा गांव में रह रहा है।

# जेसीबी पर नाबालिगों का खतरनाक स्टंट, बिजली के तारों के बीच निकली होली शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र के अकोढ़ा गांव में गुरुवार को होली का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। डीजे, गाजे-बाजे और जेसीबी के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। रंग और गुलाल की बौछार के बीच युवक और ग्रामीण नाचते-गाते हुए जुलूस के साथ आगे बढ़ते रहे। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और जुलूस को देखने के लिए रास्ते भर लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

हालांकि इस दौरान सुरक्षा मानकों की खुलकर अनदेखी भी देखने को मिली। शोभायात्रा में शामिल जेसीबी मशीन पर बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे बैठे हुए थे। कई बच्चे जेसीबी के आगे और ऊपर खड़े होकर नाचते-गाते नजर आए। जुलूस जब गांव की गलियों से गुजर रहा था, तब कई स्थानों पर बिजली के तार काफी नीचे लटके हुए थे, जिनके बीच से जेसीबी और उस पर बैठे बच्चे गुजरते रहे। इस दौरान बच्चों की जान को गंभीर खतरा बना रहा। जरा सी चूक किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती थी।

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन उत्साह और भीड़ के बीच किसी ने इस ओर गंभीर ध्यान नहीं दिया। यदि समय रहते सतर्कता नहीं बरती जाती तो स्थिति खतरनाक हो सकती थी।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान और थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिसकर्मी जुलूस के साथ चलकर व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। हालांकि जेसीबी पर बैठे नाबालिग बच्चों को लेकर ग्रामीणों में चिंता भी देखने को मिली। देर शाम तक गांव में होली का उल्लासपूर्ण माहौल बना रहा, लेकिन इस तरह की लापरवाही ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़े कर दिए।

### मांडा के बामपुर में चोरों ने 6 कमरे खंगाले,



**मांडा।** क्षेत्र के बामपुर गांव में 3 मार्च की रात चोरों ने रमाकांत और बसंत लाल पुत्र रामसुंदर के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने शटर का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और छह कमरों को खंगाला। घर से गहने, बर्तन और नकदी चोरी कर ली गई। चोरों ने घर के सभी छह कमरों के ताले तोड़े और अलमारियों तथा बक्सों को खंगाला। चोरी के बाद, चोरों ने जाते समय अंदर का ताला बाहर शटर में लगा दिया। घटना के समय कमरा बंद था, जहां कि रमाकांत और उनके दोनों भाई बाहर नौकरी करते हैं। सुबह घटना की सूचना मिलने पर 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बाहर से फोटो खींचकर औपचारिकता पूरी कर लौट गई। आज सुबह रमाकांत और उनके परिवार वाले गांव पहुंचे। तो घर की स्थिति देखकर उन्होंने भारतगंज पुलिस चौकी पर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए. लाल को शुआट्स का कुलपति नियुक्त किया गया

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** एकेडमिक कम्युनिटी के लिए एक अहम डेवलपमेंट में, प्रोफेसर (डॉ.) जोनाथन ए. लाल को आज, 5 मार्च, 2026 को सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज का कुलपति नियुक्त किया गया, उन्होंने कुलपति का प्रतिष्ठित पद आधिकारिक तौर पर संभाला। प्रोफेसर जोनाथन ए. लाल का एकेडमिक करियर बहुत प्रभावशाली रहा है। 1 फरवरी, 2016 को प्रोफेसर बनने के बाद से, उन्होंने नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया और विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है, जिसमें निदेशक आईपीसी, निदेशक ऑक्जीलरी यूनिट और डीन, जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एण्ड बायोइन्जीनियरिंग शामिल हैं। उनके नेतृत्व में, विश्वविद्यालय ने नई ऊंचाइयों को छुआ। कुलपति नियुक्त होने से पूर्व वे जुलाई 2022 से लगातार प्रति कुलपति (एकेडमिक अफेयर्स) के पद पर विश्वविद्यालय में सेवा प्रदान कर रहे थे।

प्रोफेसर (डॉ.) जोनाथन ए. लाल, इंटरनेशनल कैंसर पेशेंट कोएलिशन (आईसीपीसी) के इंटरनेशनल बोर्ड मेंबर और आईसीपीसी के एशिया-पैसिफिक रीजन के चेयर भी हैं। इसके अलावा, वे यूरोपियन अलायंस फॉर पर्सनलाइज्ड मेडिसिन (इ.ए.पी.एम) में साइंटिफिक एडवाइजर के तौर पर भी सेवा प्रदान करते हैं। वे डच बायोटेक कंपनी ट्यूबास्कैन लि./माइक्रोब लैब बीवी के वैज्ञानिक सलाहकार और बोर्ड मेंबर हैं। उन्होंने पूर्व में नीदरलैंड्स की मास्ट्रिच यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक हेल्थ जीनोमिक्स में विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर काम किया है और दो जाने-माने एकेडमिक जर्नल्स के एडिटर भी रहे हैं।

पदभार संभालने पर, प्रोफेसर जोनाथन ए. लाल ने निवर्तमान फाउंडर कुलपति प्रो. (डा.) राजेन्द्र बी. लाल की दूरगामी सोच वाली नेतृत्वक्षमता, उनके कठिन परिश्रम तथा विश्वविद्यालय की मजबूत नींव रखने में उनके कीमती योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सम्मान जताया। उन्होंने विश्वविद्यालय को इनोवेशन और मॉडर्न एग्रीकल्चरल एजुकेशन में ग्लोबल लीडर बनाने के अपने वादे को दोहराया। इस मौके पर शुआट्स कुलाधिपति डॉ. जे.ए. ओलीवर, निवर्तमान फाउंडर कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी. लाल, सभी प्रतिकुलपतिगण, कुलसचिव, निदेशकगण, डीन, शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारीगण उपस्थित थे जिन्होंने नवनियुक्त कुलपति को शुभकामनाएं दीं। इसी मौके पर, प्रो. (डॉ.) रानू प्रसाद ने भी विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति (एकेडमिक अफेयर्स) का पदभार संभाला।

# लोकनाथ में रंगों का सैलाब , कपड़ा फाड़ होली में झूमे हजारों युवा, डीजे की धुन पर देर रात तक बजता रहा नाकाबंदी







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगमनगरी में होली का रंग अपने चरम पर है। शहर के ऐतिहासिक लोकनाथ क्षेत्र में गुरुवार को कपड़ा फाड़ होली के दूसरे दिन हजारों युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जॉनसनगंज से लेकर लोकनाथ तक सड़कों के दोनों किनारों पर लगाए गए डीजे की धुन पर युवा रंग और गुलाल उड़ाते हुए देर रात तक झूमते रहे। चारों ओर रंगों की बौछार, पानी की फुहार और होली के गीतों के बीच पूरा इलाका उत्सव में डूबा नजर आया।

दूर-दूर से आए लोग इस अनोखी परंपरा का हिस्सा बनने के लिए लोकनाथ पहुंचे। संकरी गलियों में हजारों लोग एकत्र होकर नाचते-गाते रहे और परंपरा के अनुसार एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर हवा में उछालते दिखाई दिए। प्रयागराज की यह कपड़ा फाड़ होली शहर की सबसे चर्चित और अनोखी होली मानी जाती है, जिसे देखने और खेलने के लिए हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। रंग और गुलाल के साथ यहां की मशहूर ठंडई का भी लोगों ने भरपूर आनंद लिया। लोकनाथ में यह उत्सव दो दिनों तक चलता है। पहले दिन से ही युवाओं का उत्साह देखने को मिलता है, जबकि दूसरे दिन रंगों का यह उत्सव अपने पूरे शबाब पर पहुंच जाता है।

**शहर भर में रंगों की धूम, रेन डांस में झूमे लोग**

प्रयागराज के विभिन्न इलाकों में भी होली का उत्साह चरम पर रहा। शहर के कई स्थानों पर युवाओं ने नाकाबंदी होली का आयोजन कर डीजे की धुनों पर रेन डांस और कृत्रिम फव्वारों के बीच जमकर होली खेली। चौक, लोकनाथ, जॉनसनगंज, बहादुरगंज, मीरापुर, शास्त्री नगर, लीडर रोड, मालवीय नगर, मुट्ठीगंज, कीडगंज, बाई का बाग, दारागंज, अल्लापुर और अलोपीबाग समेत कई इलाकों में युवाओं और बच्चों ने अबीर-गुलाल के साथ रंगों की मस्ती का आनंद लिया। कई जगह पारंपरिक अंदाज में गोबर और कीचड़ की होली भी खेली गई। चौक-लोकनाथ क्षेत्र में ढोलक, झांझ और मजीरे की थाप पर फागुनी गीत गूंजते रहे। लोकनाथ चौराहे पर टेसू के फूल, गुलाब की पंखुड़ियों और अबीर-गुलाल से लोगों ने होली खेली। बड़े ड्रमों में रंग घोलकर होलियारों पर उड़ाया गया, वहीं लोकनाथ मिलन संघ की ओर से लगाए गए विशेष फव्वारों के बीच लोगों ने रंगों की बौछारों का आनंद लिया।

**पुरानी परंपरा से जुड़ी है लोकनाथ की होली**

वरिष्ठ नागरिक नरेश सहगल के अनुसार लोकनाथ की होली हमेशा से शहर की पहचान रही है। उन्होंने बताया कि वर्षों पहले जब वह इसी इलाके में रहते थे, तब भी यहां होली का यही रंग देखने को मिलता था। पुराने समय में कई बड़ी हस्तियां भी इस उत्सव में शामिल होने आती थीं। बताया जाता है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और शिक्षाविद् मदन मोहन मालवीय भी कभी इस होली के रंग में रंग चुके हैं। इसके अलावा छुन्नन गुरु, जनेश्वर मिश्रा और सतीश चंद्र जायसवाल जैसे कई प्रसिद्ध लोग भी इस आयोजन में शामिल होते रहे हैं। शहर में लोकनाथ की कपड़ा फाड़ सतरंगी होली का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। वहीं शुक्रवार को ठठेरी बाजार में धुआंधार रंग बरसाने की परंपरा निभाई जाएगी।



## सरायतकी में धूमधाम से खेली गई होली, लोगों ने लगाया अबीर-गुलाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** झूंसी क्षेत्र के सराय तकी मोहल्ले में बुधवार को रंगों का पर्व होली उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।कार्यक्रम में गिरनार आश्रम से आए कृपा पात्र शिष्य भैरव बाबा महाराज की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों को होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया।यह आयोजन अखंड भारत संदेश के प्रबंधक अनूप मिश्रा के आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें मोहल्ले से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और शुभकामनाएं देकर होली का आनंद लिया। इस अवसर पर विष्णु कांत मिश्रा, कमलाकांत मिश्रा, सतीश मिश्रा, योगेश मिश्रा, सीमा मिश्रा (सह संपादक), मोहित मिश्रा (सोशल मीडिया प्रभारी) रंजना मिश्रा, गौरी, सोनी, निशी, निशांत, अमन, पीहू, मोहिनी और दुर्गांश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।



## बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के खाई मोरी के पास स्कूटी व बाइक में भिड़ंत होने से करछना तहसील के एक अधिवक्ता की मौत हो गई। क्षेत्र के प्रतापपुर चंदौली गांव निवासी 35 वर्षीय लक्ष्मीकांत यादव पुत्र शिव कैलाश यादव पेसे से करछना तहसील में अधिवक्ता थे। बुधवार दोपहर लक्ष्मीकांत यादव करछना लेकर घर से होली का जश्न मनाने के लिए रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी घर से 3 किलोमीटर दूर खाई मोरी के पास पहुंचे थे,इस बीच मार्ग से गुजर रहा बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गया। सूचना होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को पास के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। लक्ष्मीकांत यादव की हालत गंभीर होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे शहर के पार्वती हॉस्पिटल में भर्ती कराया,जहां इलाज दौरान मौत हो गई।

## होली पर्व को लेकर एसीपी एसपी उपाध्याय और इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह रहे एक्टिव

चप्पे चप्पे पर रही मेजा पुलिस की कड़ी निगरानी शांतिपूर्ण माहौल सम्पन्न हुआ होली का रंगीन उत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय और इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह के कुशल नेतृत्व में रंगो का पर्व होली शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस दौरान चप्पे चप्पे पर मेजा पुलिस की सतर्कता साफ तौर पर देखी गई। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए एसीपी एसपी उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेती रही।

थाना मेजा प्रभारी मेजा दीनदयाल सिंह मय पुलिस बल के साथ कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त करते रहे। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई तथा प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। होली के मद्देनजर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च भी किया गया था जिससे असामाजिक तत्वों में सख्त संदेश गया था। साथ ही डीजे, हुड़दंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। एसीपी मेजा उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की थी होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। जबकि थाना प्रभारी मेजा दीनदयाल सिंह ने शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने का ऐलान कर रखा था जिसके क्रम में चप्पे चप्पे पर पुलिस की मजबूत सतर्कता रही और आमजन के सहयोग से मेजा क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो हो गया। बता दें कि होली पर्व के दिन एसीपी मेजा और इंस्पेक्टर मेजा पूरी तरह से एलर्ट मूड में दिखाई दिए जिसके बदौलत त्यौहार के दृष्टिगत पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा।



होली पर्व को लेकर पूरी तरह एलर्ट हो क्षेत्र भ्रमण करते एसीपी और मेजा पुलिस टीम

## नैनी में होली के दिन दो पक्षों के बीच मारपीट

**नैनी।** नैनी बुधवार को होली के दिन शराब के नशे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के कुछ लोग दूसरे पक्ष के घर में घुस गए और महिलाओं समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की। घटना के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल परिजन थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। काजीपुर मे एक पक्ष का आरोप लगाया कि वह अपने बेटे के साथ घर में थीं। इसी दौरान कुछ लोग नशे की हालत में उनके घर पहुंचे घर में घुसकर पीट दिया। बीच-बचाव करने आए उनके परिवार को भी हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद हमलावरों ने घर में मौजूद अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट की। पीड़िता के अनुसार पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता ने बताया कि हमलावरों ने उनके घर के दरवाजे को भी तोड़ने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर बाद में पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए चाका सीएचसी भेजा। मामले को लेकर पीड़िता ने नैनी कोतवाली में तहरीर दी है। नैनी चौकी इंचार्ज बलिराम ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल कर दो युवको का चालान किया गया।

## राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के नेतृत्व में प्रजापति समाज के लोगों का होली मिलन 8 मार्च को

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अवधेश प्रजापति ने कहा कि समारोह को रोचक और भव्य बनाने के लिए जोर शोर से हो रही हैं तैयारियां

**मेजा।** राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में 8 मार्च को मेजारोड पटेल मार्केट स्थित पटेल गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि मेजा विधायक संदीप पटेल और विशिष्ट अतिथि तिंदवारी के पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति एवं प्रयागराज हाई कोर्ट के शासकीय अधिवक्ता प्रजापति सुरेश कुमार वर्मा होंगे।

उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अवधेश प्रजापति ने दी। उन्होंने कहा कि इस प्रेम और सौहार्द के आयोजन में पूरे भारत में सक्रिय राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच संगठन से जुड़े प्रजापति समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आगमन होगा जिसमें प्रजापति समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और आपसी प्रेम समरसता के साथ उन्हें एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह को भव्य और रोचक बनाने के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। श्री प्रजापति के अनुसार उक्त होली मिलन समारोह का शुभारंभ उक्त निर्धारित तिथि पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा जिसमें कई राज्यों के प्रजापति समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों से अधिक अधिक संख्या में पहुंचने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश प्रजापति

## न्यूज झरोखा

### उमेश कुमार सिंह को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का अधिवक्ता नियुक्त किया गया



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह, चेंबर नंबर 9 हर्ष निवास 73बी/ 43 सी.वाई. चिंतामणि रोड जस्ट टाउन प्रयागराज को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के शासकीय विधि पैनल का अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। जिसकी जानकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण विधि अधिकारी शशि भूषण राय द्वारा भेजे गए पत्र के माध्यम से दी गई। इस बात को लेकर अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह को शुभकामनाएं वा बधाई दी।

### अबीर गुलाल रंगों एवं विभिन्न व्यंजनों के साथ मनी होली



**जंघई।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में होली धूमधाम से मनाई गई अबीर गुलाल रंगों एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ डीजे की धुनों पर थिरकतें युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने होली पर हुड़दंग एवं कीचड़ नृत्य करते हुए एक दूसरे के गले लगकर बधाई एवं शुभकामना दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद पांडेय द्वारा अपने निवास अनुवां में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विनोद पांडेय ने कहा कि होली का त्योहार एकता एवं भाईचारे का प्रतीक है होली मे लोग आपसी वैमनस्यता कटुता भूलकर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई का आदान-प्रदान करते हैं इससे प्रेम भाईचारा एवं आपसी सामंजस्य स्थापित होता है। इस अवसर पर लालचंद्र पांडेय, अशोक पांडेय, जितेंद्र पांडेय, आशुतोष पांडेय, संजय पांडेय, चंचल उपाध्याय, जज्जू सरोज, शिव सागर पांडेय, दरबारी यादव, बऊ बनवासी, राकेश बनवासी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज में हुआ होली मिलन समारोह, अबीर-गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं



**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं के साथ क्षेत्र के कई सम्मानित लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारतीय जनता पार्टी गंगापार के जिला उपाध्यक्ष एवं कॉलेज के प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह पटेल ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार लोगों को पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हम सभी के जीवन में इसी तरह रंगों की खुशियां बनी रहें और सभी का जीवन सुखमय व समृद्धिशाली हो। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी मेल-मिलाप का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संदीप द्विवेदी, पवन कुमार शुक्ला, भूपेंद्र मिश्रा, विमलेश कुमार पटेल, बलवंत सिंह, राकेश सिंह, पुष्कर पटेल, रंजय पटेल, सुरेंद्र मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, दिनेश शुक्ला, प्रिंस ओझा, प्रियांशु मिश्रा, राज किशोर सिंह, बृजेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### माँ शीतला धाम पर एक दूसरे कों अबीर गुलाल व रंग लगाकर खूब खेली गयी होली

**उतरांव।** क्षेत्र के समोधीपुर गांव में पिछले साल की भाति इस साल भी माँ शीतला धाम मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा एक दूसरे कों अबीर गुलाल व रंग लगाकर खूब होली खेली गयी। होली एक ऐसा त्यौहार है जो लोगों कों बड़ी बेशबरी से इंतजार रहता है। होली पर्व पर लोग एक दूसरे के घर पहुंचकर अबीर गुलाल रंग लगाकर आशीर्वाद लेते है और गले मिलकर होली त्यौहार की बधाई देते है यह एक ऐसा त्यौहार है जो लगभग हर गांव में बड़ी ही हसीखुशी के साथ मिलजुलकर त्यौहार मनाया जाता है। आज भी गाँव में पुरानी परम्परा रीतिरिवाज कों लोग निभाते है ढ़ोल मजीरा के साथ होली गीत गाया जाता है। और गांव में घर घर जाकर गाजेबाजे के साथ मिलकर लोग डांस करते है और दूसरे कों गुझिया खिलाकर हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाते हुऐ खूब आनंद लेते है। समोधीपुर गांव निवासी समाजसेवी व पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार माँ शीतला धाम मंदिर पर आये हुऐ सभी ग्रामीण व क्षेत्रवासियो कों अबीर गुलाल रंग लगाकर आशीर्वाद लिया वही होली का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही गांव के सम्मानित संतोष प्रजापति, संगमलाल, श्याम सूरत, रमेश कुमार, आदि कलाकरों द्वारा होली गीत गाया गया।

### प्रयागराज के विभिन्न मोहल्लों में रंगोत्सव की धूम, उल्लास में डूबा जनजीवन



**प्रयागराज।** शहर के विभिन्न मोहल्लों में बुधवार को होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सिविल लाइंस, चौक, जानसेनगंज, मुट्ठीगंज सहित कई इलाकों में सुबह से ही रंग और गुलाल की धूम दिखाई दी। गलियों और सड़कों पर लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। बच्चों ने पिचकारी और रंगों के साथ जमकर मस्ती की, वहीं युवाओं की टोलियां ढोलक और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए फगुआ गीत गाती रहीं। कई स्थानों पर पारंपरिक फगुआ और चौताल की महफिल भी सजी, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय बना रहा। महिलाओं ने समूह बनाकर लोकगीत गाए और एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ भाग लेते हुए गले मिलकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर मिठाइयां बांटी और होली की बधाई दी। प्रशासन की सतर्कता के बीच शहर में होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। शाम तक रंगों की धूम जारी रही और लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों के साथ पर्व का आनंद उठाया।

## होली के रंग केवल दृश्य अनुभूति नहीं बल्कि भाव गुण और चेतना के हैं प्रतीक : पप्पू शर्मा

होली के रंगों और सामाजिक सरोकारों से सराबोर कठौली के समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत) ने होली पर्व पर ग्रामीणों के समक्ष व्यक्त की अपनी भावनाएं,दिया सामाजिक सरोकारों का संदेश कहा होली सुख दुख आशा और निराशा को स्वीकार करने की सिखाता है कला

**मेजा।** रंगों का पर्व यह पर्व हमें स्मरमरण कराता है कि मनुष्य का अस्तित्व केवल तर्क और व्यवस्था से नहीं, बल्कि भावनाओं, विरोधों और संवेदनाओं के रंगों से निर्मित होता है। जब समाज विचारों की कठोरता, संबंधों की दूरी और संवेदनहीनता के कारण रंगहीन हो जाता है, तब होली जीवन में उल्लास, समरसता और मानवीय ऊष्मा का संचार करती है। रंगों के माध्यम से यह पर्व जीवन के सुख-दुःख, प्रेम विरोध, आशा और निराशा को स्वीकार करने की कला सिखाता है और हमें यह स्मरण कराता है कि जीवन की सुंदरता उसके विविध रंगों में ही निहित है। उक्त बातें कठौली गांव के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भईया जी) ने होली पर्व के दिन अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह उत्सव हमें बताता है कि रंग केवल बाहरी सजावट नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना, स्मृतियों और संबंधों के वास्तविक विस्तार हैं। उन्होंने कहा वसंत के आगमन के साथ मनुष्य के भीतर जमीं शीतल उदासीनियों को पिघलाने का काम भी होली करती है। समाजसेवी श्री शर्मा का मानना है कि जब समाज किसी न किसी कारण से भ्रमित हो संवेदनाओं की थकान, संबंधों की टूटन और विचारों की कटुता से अग्रसित हो चला हो तब होली जीवन में रंग भरने का साहसिक प्रस्ताव लेकर आती है और यही कारण है कि होली का उत्सव केवल हँसी-खुशी का आयोजन नहीं, बल्कि एक गहन दार्शनिक अनुभव भी है। श्री शर्मा ने कहा कि रंगों का दर्शन भारतीय संस्कृति में अत्यंत प्राचीन है। यहां रंग केवल दृश्य अनुभूति नहीं, बल्कि भाव, गुण और चेतना के प्रतीक हैं। लाल रंग ऊर्जा, प्रेम और संघर्ष का संकेत देता है, पीला ज्ञान और वैराग्य का, हरा जीवन और आशा का, और नीला गहराई व अनंत का। होली इन सभी रंगों को एक साथ उछाल देती है, ऐसे में होली मानो जीवन के सभी भावों को स्वीकार करने की शिक्षा दे रही हो। उन्होंने कहा कि सुख और दुःख, प्रेम और घृणा, जीत और हार ये सभी जीवन के अनिवार्य रंग हैं। श्री शर्मा ने कहा कि होली में जब लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं, तो वे अनजाने ही इस द्वंद्व को स्वीकार कर लेते हैं कोई नहीं पूछता कि कौन अमीर है, कौन गरीब, कौन उच्च है, कौन निम्न। रंग सभी भेदों और कुविचारों को ढंक लेते हैं। यह क्षणिक समानता हमें याद दिलाती है कि समाज द्वारा खींची गई रेखाएं स्थाई नहीं, बल्कि मनुष्य द्वारा निर्मित हैं। उन्होंने कहा कि रंगहीन पांच समाज की अवधारणा आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है । आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार, प्रतिस्पर्धा, तकनीकी निर्भरता और आत्मकेंद्रित सोच ने समाज को भीतर से फीका कर दिया है। लोग जुड़े तो हैं,पर संवादहीन हैं,साथ रहते तो हैं पर संवेदनाहीन ढंग से। ऐसे समाज में होली एक प्रतिरोध का पर्व बन जाती है। यह हमें बाहर निकलकर एक-दूसरे को छूने, हँसने और क्षमा करने का अवसर देती है ।



हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत)

## होली प्रेम भाईचारे और समानता का संदेश देने वाला है पर्व : रुचि अभिषेक तिवारी

रंगों का पर्व होली पर शिवसेना की प्रदेश सचिव पहुंची मेजा के मुसहर बस्ती, खेली फूलों की होली समाज के सबसे निचले लोगों को उपहार देकर किया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** होली के पावन पर्व पर जहां एक ओर लोग अपने-अपने घरों और मोहल्लों में रंगों के साथ त्योहार की खुशियां मना रहे थे, वहीं दूसरी ओर शिवसेना (एनडीए गठबंधन) की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर होली का पर्व मनाया। इस दौरान

रुचि अभिषेक तिवारी अपनी टीम के साथ मेजा क्षेत्र की मुसहर बस्ती पहुंचीं, जहां उन्होंने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बस्ती के लोगों के साथ फूलों की होली खेलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने बच्चों और महिलाओं को रंग, पिचकारी, गुझिया व अन्य मिष्ठान वितरित किए। उनकी इस पहल से बस्ती के लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। त्योहार के मौके पर बस्ती के लोगों ने भी रुचि तिवारी का स्वागत किया और उनके साथ मिलकर होली का आनंद लिया। क्षेत्र में लंबे समय से सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण रुचि अभिषेक तिवारी ने अपनी अलग पहचान बनाई है। क्षेत्र के लोग उन्हें स्नेह पूर्वक ‟मेजा की बेटी" के नाम से संबोधित करने लगे हैं। रुचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश देने वाला पर्व है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक खुशियां पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की मंशा है कि समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्ग के चेहरे पर भी मुस्कान आए। सरकार की नीतियां गरीबों, दलितों और जरूरतमंदों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार तभी सार्थक होते हैं जब समाज के हर वर्ग के लोग उसमें शामिल होकर खुशी मनाएं। आगे भी वह इसी तरह समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर उनकी खुशियों में शामिल होती रहेंगी। इस मौके पर मनोज यादव, रतन कुमार, विनोद गुप्ता, रोहन तिवारी, रौनक तिवारी, शिव बाबू, हौसला यादव, दीपक गौड़, चौकी प्रभारी जेवनिया सुमित त्रिपाठी और उनकी सहयोगी पुलिस टीम के अलावा कई लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



होली पर्व पर मेजा के मुसहर बस्ती के लोगों को खुशियां बांटती रुचि अभिषेक तिवारी



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम मानवी पुत्री सुरजीत है तो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0-3592 7705 4469 में उसका नाम अन्सुमन प्रजापति अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम मानवी पुत्री सुरजीत के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतत द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विविध औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है। **सरिता प्रजापति पत्नी सुरजीत, निवासी-ग्राम गढ़ी बाजार, पो0 अन्धावा पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी उ0प्र 212214**

# होली मेलजोल के जरिए भारत के स्वभाव का दर्शन है : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गुरूवार को स्थानीय लालगंज बाजार समेत क्षेत्र मे कई स्थानों पर होली को लेकर लोगों से मुलाकात की। उन्होने विभिन्न स्थानों पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रमों में स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से पर्व की शुभकामनाएं सौपी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि होली मेलजोल के भारतीय स्वभाव का दुनिया में रंग गाढ़ा किया करती है। उन्होने कहा कि अच्छाई तथा सहयोग व स्नेह के साथ रामपुरखास मे सदैव भरोसे के विकास का वातावरण मजबूत रहेगा। यहां लालगंज बाजार में सांसद प्रमोद तिवारी लोगों से घर घर व व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर होली के पर्व की खुशियां साझा करते दिखे। बाजार में जलेशरगंज लालगंज मोड पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में व्यापारियों तथा सभासदों व कार्यकताओं ने सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। कालाकांकर रोड, प्रतापगढ़ रोड व बाबा घुइसरनाथ रोड के साथ रायबरेली रोड पर होली मिलने निकले सांसद प्रमोद तिवारी का फूल मालाओं के साथ गाजे बाजे के बीच स्वागत भी हुआ दिखा। कालाकांकर रोड पर चैक के समीप वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर त्रिपाठी, रोहित तिवारी व राहुल तिवारी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होने कहा कि यह पर्व हमें आपसी भेदभाव भूलकर मजबूत राष्ट्र के निर्माण में पूर्ण समर्पण का भी संदेश दिया करता है। यहां कार्यक्रम के आयोजकों ने विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को भगवान राधाकृष्ण का चित्र एवं पगड़ी भेंटकर सम्मानित किया। नगर स्थित रवि त्रिपाठी म्यूजिकल इंस्टीटयूट मे आयोजित रंगारंग उत्सव में भी वह शामिल हुए। यहां ओम शिव के द्वारा भक्ति गीत ने होली की समां बांधी। कार्यक्रम का संयोजन जानेमाने पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी व समाजसेवी श्रीकृष्ण तिवारी ने किया। नगर में सत्य कुमार मिश्र व कमला प्रसाद जायसवाल के संयोजन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को बुकें तथा मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। हनुमत निकेतन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मत्था टेका। घुइसरनाथ रोड पर अधिवक्ता विकास मिश्र, समाजसेवी रामलखन जायसवाल व डा0 हीरालाल शुक्ल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद प्रमोद तिवारी शामिल हुए। वहीं श्री तिवारी ने नगर मे पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, डा. अंजनी कौशल व श्यामजी संवरिया, आनन्द सिंह के संयोजन मे आयोजित कार्यक्रमों मे शामिल हुये। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सराय निर्भय, नरई, बाभन की बखरी, रामपुर बावली, धारूपुर तथा हिसामपुर, भिटारी, गोसाई का पुरवा, रतनपुर महेशपुर, रामापुर, कस्बा लतीफपुर आदि गांवो मे भी लोगों को होली की शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, रवि सिंह, सभासद दारा सिंह, धर्मपाल गौतम, आशीष कौशल, पन्नेलाल पाल, देवानंद मिश्र, छोटेलाल सरोज, पप्पू तिवारी, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, विनय पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, रामलोचन त्रिपाठी, इं. सुनील पाण्डेय, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, बलराम शुक्ल, श्रीकांत मिश्र, प्रियम मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, मनीष शुक्ल, राजू मिश्र, राजू पाण्डेय, सोनू मिश्र आदि रहे।




## डाल टूटने से बच गयी जान

**प्रतापगढ़।** जाको राखे सांईयां मार सके न कोय की कहावत आत्मा हत्या के प्रयास को विफल कर गयी। उदयपुर थाना क्षेत्र के अठेहा उपाध्यायपुर में एक भटठे पर लखीमपुर खीरी जिले के थाना ईसा नगर के दुबे का पुरवा निवासी दिनेश तिवारी 30 पुत्र लालता प्रसाद श्रमिक है। बुधवार की सुबह पत्नी से उसका विवाद हो गया। इसके बाद युवक भटठे के समीप झुग्गी से निकलकर कहीं चला गया। शाम साढे तीन बजे ग्रामीणों द्वारा परिजनों को पता चला कि कुसौली गांव के बगल बेरहा का पुरवा के पास एक पीपल की डाल में युवक ने गले में झंडी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। अचानक वह डाली टूटकर गिर गयी। इससे युवक की जान बच गयी। हालांकि उसे कुछ चोटें आ गयी। मौके पर उदयपुर पुलिस पहुंची और घायल को एम्बुलेंस की सहायता से सांगीपुर सीएचसी पहुंचवाया। यहां कमर में गंभीर चोट के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## व्यवसायी के मां का निधन, जताई संवदेना



**सांगीपुर।** सांगीपुर के प्रमुख व्यवसाई राजू सिंह बघेल की 70 वर्षीय माता उर्मिला सिंह का बुधवार की रात घर पर ही आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही इलाके के व्यवसायियों अधिकामवक्ताओं शिक्षकों तथा जन प्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने मृतका के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शव का गुरुवार को मानिकपुर में गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। व्यवसाई राजू बघेल की मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले प्रमुख लोगों में सांगीपुर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, गुड्डू सिंह लकी,लाल साहब सिंह, राकेश सिंह, दिनेश सिंह, अधिवक्तगणों शैलेंद्र सिंह, विनोद सिंह, प्रमोद सिंह, विजय मिश्रा शामिल रहे।

## पुरानी रंजिश में भिड़े दो पक्ष, सात महिला समेत 15 पर मुकदमा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कुंदनपुर गांव में होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए सात महिलाओं समेत 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद गांव में देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बताया जाता है कि होली के दिन गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। इस दौरान जमकर मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फोड़ की घटना हुई, जिससे कई लोग घायल हो गए और गांव में हड़कंप मच गया।मामले में पट्टी कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रशांत कटियार की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी शैलेंद्र, बबली, राजू, रंजीत, अजीत, धीरेंद्र, मालती, रिचा, मनीष, खुशी, शिवम, विजय, सपना, अनारवती व अमरावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सभी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, तोड़फोड़ और बलवा की धाराओं में कार्रवाई की गई है। इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक की तहरीर के आधार पर 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 13 पेटी अवैध शराब व 4 देशी बम के साथ दो गिरफ्तार

### 30 मुकदमों का हिस्ट्रीशीटर भी चढ़ा पुलिस के हत्थे, स्कॉर्पियो बरामद

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 पेटी अवैध अंग्रेजी व देशी शराब, 4 अदद देशी बम एवं एक स्कॉर्पियो वाहन के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त पर तीन जनपदों में हत्या, लूट, डकैती समेत करीब 30 संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राकेश कुमार चैरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गौरामाफी चैराहे के पास संदिग्ध वाहन की तलाशी लेने पर 13 पेटी अवैध शराब (कुल 276 शीशी व 68 पाउच, लगभग 101.605 लीटर) बरामद हुई। साथ ही अभियुक्त के कब्जे से 4 देशी बम भी बरामद किए गए। मौके से एक स्कॉर्पियो वाहन को भी कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह (45), निवासी उमरपुर, थाना करौंदीकला, जनपद सुल्तानपुर, जयनारायण (58), निवासी शोधनपुर, थाना करौंदीकला, जनपद सुल्तानपुर पूछताछ में मुख्य अभियुक्त ने बताया कि बरामद देशी बम वह जमीनी विवाद के चलते अपनी सुरक्षा के लिए रखता था। अवैध शराब को सुल्तानपुर व जौनपुर क्षेत्र से खरीदकर अधिक मुनाफे में बेचने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। शराब की बिक्री से होने वाले लाभ को दोनों आपस में बांटते थे। पुलिस के अनुसार मुख्य अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पर जनपद सुल्तानपुर, जौनपुर एवं प्रतापगढ़ में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम सहित लगभग 30 मुकदमे दर्ज हैं।

## दुर्घटना में युवक घायल

**प्रतापगढ़।** वोला बाइक के अचानक असंतुलित हो जाने से युवक दुर्घटना मे घायल हो गया। लीलापुर थाना के सगरा सुंदरपुर बाजार में आशुतोष तिवारी 28 पुत्र सुशील कुमार तिवारी वोला बाइक से घर जा रहा था। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलटा खा गयी। घायल को एम्बुलेंस से लालगंज ट्रामा सेंटर इलाज के लिए पहुंचाया गया।

## अनियंत्रित ट्रक ने विद्युत पोल में मारी टक्कर, दो पोल टूटे

### दो दर्जन से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति बाधित, बड़ा हादसा टला

**पट्टी।** पट्टी ग्रामीण क्षेत्र में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दो बिजली के पोल टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और करीब दो दर्जन से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय विद्युत आपूर्ति चालू थी। ऐसे में करंट फैलने का खतरा भी बना हुआ था, लेकिन संयोगवश कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और लोग बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को पट्टी-ढकवा मार्ग से कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद बिजली विभाग को भी सूचना दी गई, जिसके बाद क्षतिग्रस्त पोलों को दुरुस्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## किशोरी को भगाने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। थानाध्यक्ष राकेश कुमार चैरसिया ने बताया कि सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम गांव पहुंची थी। प्रारंभिक स्तर पर जानकारी जुटाई गई है, लेकिन अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही तहरीर प्राप्त होगी, संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गांवों में धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़े अबीर गुलाल



अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** गांवों में होली का त्योहार परंपरागत पूर्वक धूमधाम से मनाई गई।इस दौरान लोगों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया तथा देर शाम अनेक गांवों में होलियारों की टोली ने फाग गीत गया।

बाबा बेलखरनाथ धाम के मोलनापुर, शेषपुर अठगवा, गजरिया,गांवों में बूढ़े बच्चे नौजवान एवं महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल व रंग लगाकर होली खेली। मोलनापुर में मध्य प्रदेश के धार जिले में तैनात न्यायाधीश गुलाब चंद मिश्रा के यहां शाम को ढोलक की थाप पर फागुन के गीत गाते हुए लोगों ने मनोरंजन किया। कार्यक्रम में जज गुलाब चंद मिश्रा ने भी गीत गाया। इसी दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरेधना चौकी इंचार्ज कमलेश कुमार यादव,एसआई ओंकार सिंह,हेड कांस्टेबल सुनील गुप्ता,राज सिंह व सिपाही विवेक यादव दिनभर गश्त करते हुए क्षेत्र में भ्रमण पर रहे।

## मासूम के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के एक गांव में साढ़े चार वर्ष की मासूम के अपहरण को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। हालांकि मासूम कुछ ही देर में गांव के एक बाग में मिल गयी। मासूम की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को शाम करीब साढ़े सात बजे वह दरवाजे पर खेल रही थी। इस बीच गांव का ही आरोपी हरकेश पटेल का पुत्र विकास पटेल उसे दरवाजे से अपहत कर उठा ले गया। परिजनों की खोजबीन में मासूम कुछ देर बाद बाग में मिली। तहरीर के आधार पर आरोपी विकास के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना को लेकर गांव तथा आसपास आक्रोश का भी माहौल देखा जा रहा है।

# चार थानों में धूमधाम से मनाई गई कपड़ा फाड़ होली

### सीओ, एसडीएम व तहसीलदार ने पुलिसकर्मियों के साथ खेली होली

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** होली पर्व के अवसर पर पट्टी सर्किल के चारों थानों में पारंपरिक कपड़ा फाड़ होली हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों व अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। माहौल पूरी तरह से होली के रंग में रंगा नजर आया।

सर्किल के पट्टी, आसपुर देवसरा, कंधई और दिलीपपुर थाने में आयोजित कपड़ा फाड़ होली कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, एसडीएम पूर्णेन्द्र मिश्रा तथा तहसीलदार ने भी पुलिसकर्मियों के साथ जमकर होली खेली।




अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और पारंपरिक तरीके से कपड़ा फाड़ होली का आनंद लिया। इस दौरान थानों में उत्साह का माहौल रहा। ढोल-नगाड़ों और होली गीतों के बीच पुलिसकर्मियों ने रंग-अबीर और गुलाल उड़ाकर पर्व की खुशियां मनाईं। अधिकारियों ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश भी दिया।

## सांगीपुर में होली मिलन आज

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज के समीप कम्युनिटी हाल में आज शुक्रवार को दिन में बारह बजे होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बतौर मुख्यअतिथि इसमें शामिल होंगे। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगे। वह दिन में तीन बजे अठेहा तथा इसके बाद उदयपुर, मंगापुर, ननौती में भी लोगों से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# 25 पाउच देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के वीद मुजाही बाजार में अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में स्थित सरकारी शराब की दुकान बंद होने के बावजूद युवक चोरी-छिपे ग्राहकों को देशी शराब के पाउच बेच रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मुजाही चैकी इंचार्ज सरनाम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही युवक हड़बड़ा गया, जिसके बाद उसे पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 पाउच देशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब को पुलिस ने कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में लेते हुए कोतवाली भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से दुकान बंद होने के बाद अवैध तरीके से शराब बेचने का कार्य कर रहा था, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी। इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## जमीन विवाद में मां-बेटी व बेटे की पिटाई

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बिरौती गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में मां, बेटी और बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। बिरौती गांव निवासी संदीप शुक्ला ने गुरुवार को पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पड़ोसियों से जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि पड़ोसियों ने संदीप शुक्ला को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचीं उसकी मां रानू शुक्ला और बहन रुचि शुक्ला को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उन्हें भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में चैकी इंचार्ज अजय आंचल ने बताया कि पीड़ित की ओर से प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पट्टी।** गड़ौरी गांव के समीप बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।




बताया जाता है कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के चेहरे, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल युवक की पहचान लक्ष्मणपुर गांव निवासी करन (22) पुत्र राजपति हरिजन के रूप में हुई है। घायल युवक ने बताया कि वह पट्टी कस्बे में सामान खरीदने के लिए आ रहा था, तभी गड़ौरी गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से वह हादसे का शिकार हो गया।

# ट्रैक्टर पलटने से कौशांबी के दो युवकों की चित्रकूट में मौत



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चित्रकूट जनपद के रेपुरा थाना क्षेत्र के भंवरी गाँव के पास बुधवार की देर रात अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर पलट गया जिससे दो मजदूरों की ट्रैक्टर में दबकर मौत हो गई है सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक दोनों लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर बजहा गांव निवासी फूलचंद और श्यामलाल धान कुटाई की मशीन में मजदूरी का काम करते हैं ट्रैक्टर में धान मशीन लेकर के दोनों लोग चित्रकूट जनपद धान कूटने गए थे रेपुरा थाना क्षेत्र के भंवरी गाँव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया है जिससे दोनों मजदूरों ट्रैक्टर के नीचे दब गए हैं और मौत हो गई है दुर्घटना की जानकारी घर परिवार के लोगों को मिली तो रोते बिलखते घर परिवार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डिवाइडर पर टकराने से बाइक सवार की मौके पर हुई मौत



**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया के पास स्वामी भगवानदास स्कूल के सामने डिवाइडर से बाइक सवार टकरा गया है टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर मौत हो गई है बताया जा रहा है कि अंशू पाल पुत्र मोहन पाल ग्राम शेरपुर पोस्ट जलालपुर घोसी थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह भगवान दास स्कूल के पास पहुंचे डिवाइडर से टकरा गए हैं और टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े हैं और तड़प तड़प के उनकी दर्दनाक मौत हो गई है जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क हादसे में मृतक साइकिल सवार वृद्ध की हुई पहचान

**नेवादा कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के तरना गांव के पास 25 फरवरी को साइकिल सवार एक वृद्ध को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया था जिससे साइकिल सवार घायल हो गया था उसे अस्पताल भेजने की कोशिश की जा रही थी लेकिन उसकी मौत हो गई थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और मृतक की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया था 7 दिन बाद मृतक साइकिल सवार की पहचान पिपरी थाना क्षेत्र के बरेठी गांव निवासी मुन्नीलाल उम्र 62 वर्ष पुत्र रामफल के रूप में हुई है परिजनों ने मृतक की पहचान कर ली है सड़क बनाने में लगे ठेकेदारों के रोड रोलर ने वृद्ध व्यक्ति को टक्कर मार दिया था जिससे वृद्ध व्यक्ति की मौत हुई थी।

## यमुना नदी में नहाने गए तीन युवक तीनों डूबे दो को बचाया एक की मिली लाश

**कौशांबी।** चित्रकूट जनपद के मऊ निवासी शुभ मिश्रा उम्र 16 वर्ष अपने साथी सचिन त्रिपाठी उम्र 17 वर्ष वा अमन पाण्डेय उम्र 15 वर्ष के साथ बुधवार को महिला गांव स्थित यमुना नदी के पुल के नीचे नहाने गए थे नहाने के दौरान तीनों युवक नदी में डूब गए मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर गांव के लोग पहुंचे मल्लाह और पुलिस भी पहुंची डूबे हुए तीनों युवक की खोजबीन शुरू हुई सचिन त्रिपाठी वा अमन पाण्डेय को मल्लाहों ने बचा लिया शुभ मिश्रा यमुना नदी के गहरे जल में डूब गए यमुना नदी की तेज प्रवाह में वह बह गए दूसरे दिन गुरुवार को शुभ मिश्रा का शव यमुना नदी से बाहर निकाला गया मामले की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी बाल-बाल बचा ड्राइवर



**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैगंबरपुर महगांव के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया।जानकारी के अनुसार पैगंबरपुर गांव की ओर से आ रहा एक वाहन अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण डिवाइडर से जा टकराया और सड़क पर पलट गया हादसा इतना तेज था कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया गनीमत रही कि इस दुर्घटना में वाहन चालक बाल-बाल बच गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को हटवाया तथा घटना की जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार मानी जा रही है प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति से वाहन चलाएं।

### तीन दिन पहले गायब युवक का नहीं लगा सुराग



**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनो के मजरा बभन पुरवा गांव निवासी गोलू तिवारी उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र कपिल मुनि तिवारी उर्फ बाबू तिवारी 3 मार्च की सुबह घर से खेत की ओर शौच करने निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे हैं वापस ना लौटने से परिवार के लोगों ने उनकी काफी खोजबीन की युवक के गायब होने के बाद युवक के भाई भानु तिवारी और परिवार के लोगों ने होली के त्योहार पर उनकी काफी खोजबीन करने के लिए परेशान रहे युवक के गायब होने के बाद रिश्तेदार नातेदारों से पूछताछ की गई लेकिन युवक का कहीं सुराग नहीं लगा है जिससे परिवार के लोग परेशान हैं परिवार के लोगों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### साइकिल सवार युवकों को अपाची बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बालिहावा देह से काजू जाने वाली मार्ग में ईंट भट्ठा के पास मंगलवार समय लगभग पांच बजे शाम साइकिल सवार युवकों को तेज रफ्तार अपाची बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश पुत्र विजय व साथी अरविंद पुत्र स्वगीय शिवचन्द निवासी ग्राम बलिहावा दोनों युवक एक ही साइकिल से जीवनगंज की तरफ से अपने घर आ रहे थे जैसे ही साइकिल सवार बालिहावा देह से काजू जाने वाली मार्ग में ईंट भट्ठा के पास पहुंचे तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों साइकिल सवार सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आई स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना मूरतगंज पुलिस चौकी प्रभारी कालिका प्रताप सिंह को दी सूचना मिलते ही मूरतगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया पुलिस ने अपाचे बाइक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी।

### प्रशासनिक लापरवाही से हुई कृष्ण बाबू वर्मा की मृत्यु : गौरव पाण्डेय



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर विधानसभा के अन्तर्गत धरमपुर गांव में सहायक अध्यापक एवं बीएलओ की जिम्मेदारी संभाल रहे कृष्ण बाबू वर्मा विगत पांच दिनों से लापता होने के पश्चात उनकी दुखद मृत्यु हो गई इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष कौशाम्बी गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मृतक के गांव पहुंचे शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि कृष्ण बाबू वर्मा अस्वस्थ थे वह लगातार अधिकारियों से गुहार लगाते रहे कि इस बीएलओ की जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ हैं लेकिन उनकी एक न सुनी कई बार लिखित एप्लिकेशन भी दिया लेकिन उसपर गंभीरता से कार्य नहीं किया गया और अंत में अत्यधिक कार्य के दबाव के कारण उनकी दुखद मृत्यु हो गई कांग्रेस पाटी उत्तर प्रदेश में जहां इस तरीके की घटनाएं हुई हैं वहां उस परिवार के साथ मजबूती से उनके परिजनों के साथ खड़ी है इस दौरान पुलिस अधीक्षक से जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने फोन से वार्ता कर न्याय दिलाने की बात कही! एवं उपजिलाधिकारी मंझनपुर से वार्ता कर आर्थिक सहयोग की त्वरित मांग की ।इसके बाद कहा कि हम इस परिवार की न्याय की लड़ाई लड़ेगे और न्याय दिलाएंगे. ।इसके बाद जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय से मृतक की बेटी से फोन के माध्यम से बात कराई प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दुख के इस घड़ी में हम आपके साथ हैं और हर संभव मदद का पूर्ण आश्वाशन दिया इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी,कालका सिंह,महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,शशि मिश्रा,आयुष यादव,राकेश पासी समर सरोज सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### विजली विभाग की लापरवाही से फिर एक भैंस की मौत



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 10 मंगल पांडेय नगर में विजली विभाग की लापरवाही के कारण फिर एक बेजुबान जानवर की मौत हो गयी हैं ग्रामीणों ने बताया कि जमीन पर ट्रांसफार्मर को रख कर विजली सप्लाई किया जाता हैं जिससे आये दिन घटना घटती रहती हैं ताजा मामला गांव की ही विधवा महिला शिवरानी देवी पत्नी स्वा. सोने लाल सरोज की लगभग 60 हजार कीमत की भैंस जमीन में रखे ट्रांसफार्मर के पास से गुजरी तभी वह करेंट की चपेट में आ गयी और देखते ही देखते उसकी मौत हो गयी ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी एक घटना इसी ट्रांसफार्मर से हो चुकी हैं लेकिन बस्ती के बीच जमीन में ट्रांसफार्मर रख कर नंगा नाच खेल रहे विजली कर्मचारियों पर अभी तक कोई कायवाही नही हो सकी इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार किया लेकिन आँख में पट्टी बांध कर बैठे जिम्मेदार लोगों को यह दिखाई नही देता जबकि इस ट्रांसफार्मर को सुरक्षा जाली भी नही लगाई गई हैं जिससे बचाव हो सके ग्रामीणों का आरोप हैं कि विजली विभाग बड़ी घटना का इंतजार कर रहा हैं गांव के लोगों का कहना हैं कि गांव में तमाम छोटे छोटे बच्चों का भी इसी बस्ती से आना जाना रहता हैं कही कोई बड़ी अनहोनी न हो जाये क्या जिले के मुखिया को यह लापरवाही नही दिखाई देती हैं जो बस्ती के बीच मे जमीन पर ट्रांसफार्मर रखा हुआ दिखाई नही देता हैं पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना पुलिस को दिया है।

## पति की प्रताड़ना से पीड़ित होकर कुएं में कूदी महिला गंभीर घायल

**पुलिस प्रशासन की मदद से कुएं से निकाला गया बाहर गंभीर अवस्था में अस्पताल में भती**



**तिल्हापुर मोड कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र में बुधवार रात लगभग 8 बजे पति की प्रताड़ना से पीड़ित होकर एक महिला कुएं में कूद गई है पास से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए चायल सीएचसी में भती कराया।महिला की पहचान मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर निवासी बबली पत्नी राजेश कुमार के रूप में हुई है। वह होली के दिन पिपरी थाना क्षेत्र के चायल पुलिस चौकी अंतर्गत लालापुर गांव में अपनी मौसी की बेटी के गांव सुरेश पुत्र हरी प्रसाद के यहां आई थी। बताया जा रहा है कि बबली का अपने पति राजेश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। गुस्से में आकर उसने घर के पास ही एक कुएं में छलांग लगा दी।कुएं के पास से गुजर रहे ईट भट्ठे के कर्मचारियों ने महिला के चिल्लाने की आवाज सुनी। पास जाकर देखने पर पता चला कि महिला कुएं में गिरी हुई है और मदद मांग रही है। उन्होंने तुरंत पिपरी थाना क्षेत्र की चायल चौकी पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही चायल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने महिला को कुएं से बाहर निकाला। गंभीर अवस्था में उसे एम्बुलेंस से चायल सीएचसी ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर महिला के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।चौकी प्रभारी चायल मनीष पाल ने बताया कि महिला का इलाज जारी है और उसके परिजन भी अस्पताल में मौजूद हैं।

## रसूलपुर ब्यूर में खेली गई खून की होली

अखंड भारत संदेश

**दंपत्ति सहित तीन घायल**

**दंपति पर तीसरी बार हुआ प्राण घातक हमला चौकी पुलिस की नाकामी उजागर**



**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर ब्यूर गांव में होली के पहले दिन ही दंपत्ति के ऊपर लाठी डंडा राड से जोरदार हमला किया गया है इस विवाद में दंपति सहित कई घायल हो गए हैं मौके पर खून खराबा दिखाई पड़ने लगा है होली के त्योहार पर दबंगों द्वारा जमकर खून की होली खेली गई है खून की होली में दंपति सहित पुत्र घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है हालांकि दंपति पर दबंगों का यह पहला हमला नहीं है 6 महीने पहले भी दंपति पर इन्हीं दबंगों ने हमला किया था जिसमें दंपत्ति घायल हुए थे और इसके पहले भी इन्हीं दबंगों द्वारा दंपति पर हमला किया गया था उस बार भी दंपत्ति घायल हुए थे होली के त्योहार पर दंपति पर तीसरी बार हमला हुआ है बार-बार दंपति पर उन्हीं लोगों द्वारा हमले किए जाने के पीछे स्थानीय चौकी पुलिस की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हैं और इस बार के हमले में भी हमला करने वाले लोगों को बचाने का प्रयास अभी से चौकी पुलिस ने शुरू कर दिया है जिससे आगे भी खून खराबा से इनकार नहीं किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार पिपरी थाना क्षेत्र के लोधउर पुलिस चौकी अंतर्गत रसूलपुर ब्यूर गांव में होली के त्यौहार के दिन बुधवार को लवकुश व नरेश पुत्र राधेश्याम आपने कई साथियों के साथ लाठी डंडा लोहे के रॉड लेकर सूरजभान पुत्र हीरालाल के घर चढ़ाई कर दिया और गाली गलौज करते हुए सूरजभान के परिवार पर लाठी डंडा लोहे के रॉड से दबंगों ने हमला बोल दिया दबंगों ने जमकर तांडव किया है कि देखने वालों की रूह कांप गई है सूरजभान पर हमला होते देख उनके बेटे राहुल और पत्नी भी बाहर निकल आए दबंगों ने सूरजभान व उसकी पत्नी और बेटे राकेश को लाठियों से जमकर पीटा है इससे घायल होकर तीनों जमीन पर गिर पड़े इस हमले में सूरजभान उसकी पत्नी और बेटा राहुल तीनों घायल हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई और गंभीर घायल दंपत्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन इस मामले में चौकी पुलिस ने फिर खेल शुरू कर दिया है हमला करने वाले लोगों के साथ-साथ घायल परिवार के लोगों को भी पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया है हमला करने वाले लोगों के बचाव में दलाल उतर आए हैं और लेनदेन की सौदेबाजी शुरू हो गई है घायल सूरजभान के परिवार के ऊपर इन्हीं दबंगों द्वारा यह पहला हमला नहीं है इसके पहले भी दो बार सूरजभान के परिवार के ऊपर इन्ही दबंगों द्वारा लाठी डंडे से हमला किया जा चुका है इस बार होली के त्योहार पर तीसरी बार इन दबंगों ने खून की होली खेली है यदि पूर्व में दबंगों द्वारा किए गए हमले के मामले में थाना चौकी पुलिस ने दबंगों पर कठोर कार्यवाही की होती तो दबंगों के हौसले टूट जाते लेकिन थाना चौकी पुलिस तो दबंगों को दुलार दे रही है उनसे गलबहिया डाल रही है और हमलावरों का बचाव करते हुए उन्हें संरक्षण दे रही है जिससे थाना चौकी पुलिस के संरक्षण में दबंगों के हौसले बुलंद है और दंपत्ति पर बार-बार हमले हो रहे हैं हमले के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चौकी पुलिस की निष्क्रियता के चलते मनबढ़ दबंगों ने तांडव करते हुए होली के त्योहार पर जमकर खून की होली खेली है।

## पहली बार सिराथू में डिप्टी सीएम का होली मिलन समारोह

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित होने जा रहा है इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगमी बढ़ गई है क्षेत्रीय लोगों को मानना है यह सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि विकास के नए दौर की संभावित तलाश की शुरुआत का संकेत हो सकता है या यूं कहें की डिप्टी सीएम 2022 की हार का सबक लेकर अभी से चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। लंबे समय से सिराथू विधानसभा क्षेत्र से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य राजनीति कर रहे हैं लेकिन होली मिलन समारोह इस बार विधानसभा चुनाव के ठीक पहले आयोजित किए जाने से चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### क्या होली मिलन समारोह बनेगा शक्ति प्रदर्शन

**अझुवा कौशांबी।** पहली बार आयोजित हो रहे होली मिलन समारोह को राजनीतिक दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समथर्कों के जुड़ने की संभावना है इसे आगामी चुनाव रणनीति से जोड़कर भी देखा जा सकता है स्थानीय नेताओं का दावा है यह आयोजन सामाजिक सौहार्द और विकास के संदेश के साथ डिप्टी सीएम की प्राथमिकता में क्षेत्र को नई पहचान देगा।

### ...क्या कहती है क्षेत्र की जनता

**अझुवा कौशांबी।** क्षेत्र के सम्मानित बड़े बुजुर्गो और युवाओं के साथ व्यापारियों का कहना है यदि विकास कार्य जमीन पर दिखें तो सिराथू भी आने वाले समय में प्रदेश के उभरते हुए क्षेत्र में शामिल हो सकता है।कट्टर समथर्कों अमृत लाल,शिव प्रताप ,उमेश सहित दजर्नो युवकों ने कहा कि हार जीत लोकतंत्र का हिस्सा है लेकिन यदि विश्वास घात की स्थिति सामने आती है तो उससे सबक लेना जरूरी हो जाता है इन लोगों ने बताया कि 2022 के चुनाव में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के अगल-बगल अधिकतर खड़े होने वाले जो दांत चितयार कर फोटो ही खिंचाते रहे अपने विकास को लेकर परेशान रहे कोई मोटर साइकिल रैली का ठेका लिया जिसमें कुछ के साथ फोटो खिंचवा कर भेजते रहे,चार पहिया ठेकेदार व्यवस्था ठेकेदारों ने रस मलाई काटी है। खैर ये तो गुजरी कहानी है। अब आगे होली मिलन समारोह के बाद क्या नया गुल खिलेगा यह भविष्य के गर्त में है।

### विकास को लेकर बढ़ी उम्मीदें या हार की सबक!

**अझुवा कौशांबी।** एक दशक पहले तक कौशांबी पिछड़े जिले के रूप में शुमार था ,बसपा,सपा सरकार में तमाम परियोजनाएं से जिले का समुचित विकास हुआ ।जब भाजपा की सरकार आई तो जिले के विकास पुरुष नाम से बने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न परियोजनाओं की झड़ी लगा दी मेडिकल कॉलेज,रेलवे में उपरिगामी सेतु, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का दुरुस्तीकरण, सड़क चौड़ीकरण, सड़कों का जाल जिले में दिखने लगा। राजनीतिक विशिष्ट लोगों का कहना है यदि डिप्टी सीएम की प्राथमिकता में सिराथू आता है तो यहां आधारभूत ढांचे में बड़ा बदलाव संभव है विकसित मॉडल जिला की तरह अस्पताल शिक्षण संस्थान,और बेहतर कनेक्टिविटी पर फोकस किया जा सकता है।

## संदिग्ध दशा में वृद्ध महिला ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चमरूपुर गांव में एक वृद्ध महिला उम्र लगभग 75 वर्ष ने कथित आत्महत्या कर लिया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक महिला का अपने बेटों से ही विवाद चल रहा था महिला के मरने के बाद बेटों ने बताया की वृद्ध महिला ने आत्महत्या कर लिया है लेकिन लोगों के गले के नीचे यह बात उत्तर नहीं रही है। जानकारी के मुताबिक सुशीला देवी उम्र 75 वर्ष पत्नी स्वगीय इंद्रपाल का अपने ही परिवार में बीते बहुत दिनों से विवाद चल रहा था पूर्व में कई बार विवाद भी हुआ था जिसकी जानकारी ग्रामीणों को बखूबी है परिवार के लोगों का कहना है कि वृद्ध महिला लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं परिजनों का कहना है कि बीमारी को लेकर वह काफी चिंतित और परेशान रहती थी बताया जा रहा है कि इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर कथित आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कारवाई शुरू की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है,ताकि घटना के सभी पहलुओं की स्पष्ट जानकारी हो सके घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

### गरीब की इज्जत पैरों तले अमीरों ने कुचला

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी रविवार देर रात गायब हो गई किशोरी के परिजन रातभर और दूसरे दिन संभावित जगहों में तलाश करते रहे लेकिन किशोरी का पता नही चल सका थके हारे परिजनों ने पुलिस की मदद ली ।पुलिस ने एक्टिव होते हुए उसी रात किशोरी और एक युवक को बरामद कर लिया। पता चला कि किशोरी को बहला फुसलाकर युवक ले गया था पुलिस कारवाई करना चाहती थी कानून अपना काम करना चाहता था मामला गंभीर था पर किशोरी के परिजन गरीबी और जग हंसाई के खौफ से शाम को कानूनी कारवाई से दूर हो गया परिजन ने कहा कि एक लंबी महंगी कानूनी लड़ाई जिसमें रोजी-रोटी का भी सहारा छूट सकता था इसलिए गरीबी ने उसके साहस की गर्दन पकड़ ली और वह चुपचाप कानूनी कारवाई से इंकार की गर्दन हिलाने लगा। आरोपी भी पकड़े गए थे लेकिन पुलिस मजबूर हो गई जब पीड़ित परिवार ने ही मामले में कानूनी कार्यवाही से किनारा कर लिया है हालांकि आरोपियों की जेब खाली करने में एतराज नहीं किया गया है।

## बालू लदा ओवर लोड ट्रैक्टर नाला में धंसा, लगा भीषण जाम

**ओवर लोड ट्रैक्टर चालन से कनवार के ग्रामीणों में आक्रोश,ध्वस्त हो गई सड़कें**



**अझुवा कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्पष्ट नियमों के बावजूद सड़कों पर ओवरलोड वाहनों के संचालन को रोकने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। बालू माफिया द्वारा अवैध रूप से मौरंग की ढुलाई की जा रही है। ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली और ट्रकों की अवैध आवाजाही से ग्रामीण क्षेत्र की मुख्य सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है। मंगलवार को कनवार गांव सड़क पर एक ओवरलोड बालू लदा ट्रैक्टर सड़क किनारे नाला में धंस गया जिससे बिछियावा सहित क्षेत्र के दजर्नो गांव के लोगों का मुख्य मार्ग बाधित हो गया ।जबरजस्त जाम लग गया सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने दूसरे ट्रैक्टर से खींच कर रास्ता सुचारू कराने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रही 5 घंटे तक आवागमन बाधित रहा ।बालू दूसरे ट्रैक्टर में लोड करवा दिया। कनवार गांव के कृष्ण कुमार अभिजीत कुमार, दीनू ,सज्जन सिंह रमेश ,दिनेश कुमार सहित दजर्नो ग्रामीणों ने बताया इसी मार्ग से भोर 3:00 से 50 से अधिक ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर निकलते हैं । जिसकी शिकायत प्रशासन से की गई लेकिन ओवर लोड बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली के परिचालन में रोक नही लग सकी है। कनवार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मेवा लाल ने बताया हमारे गांव क्षेत्र की मुख्य मार्ग ओवरलोड बालू ट्रैक्टरों से पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गया है अभी 10 दिन पहले कनवार बॉर्डर से बिछियावा मार्ग में कनवार गांव के पहले तक सड़क मरम्मती करण किया गया था लेकिन ओवर लोड बालू ट्रैक्टरों के अधाधुंध परिचालन से सड़कें ध्वस्त हो गई।

## अझुवा कस्बा क्षेत्र में होलिका दहन शांतिपूर्ण संपन्न

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा कस्बा क्षेत्र में सोमवार देर रात होलिका दहन का पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन रात्रि 12:00 बजे के बाद कस्बे और आसपास के गांव में परंपरागत रीति रिवाज के अनुसार किया गया अझुवा कस्बा क्षेत्र में 11 स्थानों पर होलिका सजाई गई थी हालांकि शुभ मुहूर्त के चक्कर में 5 स्थानों पर होलिका दहन नहीं हो सका ।कस्बे के शायरी माता तिराहा पर नगर के युवकों ने होलिका का स्वरूप बनाकर होलिका दहन कराया है इसके अतिरिक्त आधा दर्जन स्थानों पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। त्योहार को सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा प्रमुख स्थान और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल भी तैनात किया गया था पुलिस कमियों ने लगातार गस्त कर शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित की सैनी कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पर्व से पूर्व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठके आयोजित कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई थी ।नागरिकों ने भी प्रशासन का पूर्ण सहयोग करते हुए सौहार्द और भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाया है।

### पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह , एसपी ने दी शुभकामनाएं

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस लाइन कौशाम्बी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारी एवं कमर्चारियों को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सभी को मिष्ठान्न वितरित कर आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और उत्साह के साथ पर्व मनाया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपद में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### वृद्धाश्रम में खुशियों की होली: बुजुर्गो को मिले पसंदीदा वस्त्र, फाग गीतों संग मनाया उत्सव

**कौशाम्बी।** वृद्धाश्रम के प्रबंधक आलोक राय ने होली की पूर्व संध्या पर आश्रम में निवासरत बुजुर्गो को उनकी पसंद के कपड़े प्रदान किए उपहार प्राप्त कर वृद्धजनों की खुशी देखते ही बन रही थी और पूरे परिसर में उत्साह का माहौल छा गया। इसके उपरांत बुजुर्गो ने पारंपरिक फाग गीत गाते हुए हर्षोल्लास के साथ होली खेली। रंगों और गीतों से सराबोर इस आयोजन ने सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी।वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग माता-पिता, जो कभी अपने घर-परिवार की उपेक्षा का शिकार हुए थे,अब इस आश्रम को ही अपना सच्चा घर मानते हैं। यहां उन्हें केवल सहारा ही नहीं, बल्कि एक नया परिवार और अपनापन भी मिला है।

# सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की हालिया इजरायल यात्रा भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वैश्विक भू-राजनीति में बदलते समीकरणों को दर्शाती है। यह यात्रा पश्चिम एशिया की अस्थिरता के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देती है। इस बार मोदी ने इजरायल संसद केनेसेट को संबोधित किया, जहां उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 हमले के बाद भारत के इजरायल समर्थन की पुष्टि की और ईरान द्वारा शह प्राप्त हमास की मानवता द्रोही कार्रवाई की भर्त्सना की। इसके अलावा, नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर जोर दिया।

देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। वहीं नेतन्याहू का प्रस्तावित 'हेक्सागन' गठबंधन (भारत, इजरायल, ग्रीस, साइप्रस आदि) चीन-पाकिस्तान-तुर्की धुरी के विरुद्ध एक रणनीतिक संतुलन भी बनाता है। यह वैश्विक कूटनीति में नहले पर दहले की तरह समझा जा रहा है।

जिस तरह से भारत, इजरायल का सबसे बड़ा हथियार खरीदार बन चुका है, उससे दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व की सुरक्षा का समीकरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। इससे अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय देशों को भी भारत की कूटनीतिक स्वायत्तता का एहसास हुआ है, जो भारत को एशिया की दूसरी और दुनिया की तीसरी-चौथी महत्वपूर्ण शक्ति बनाने की दिशा में सक्रिय है।

जहां तक इस यात्रा के आर्थिक आयामों की बात है तो दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। खासकर क्टएउ कॉरिडोर (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप) पर वअए के साथ त्रिपक्षीय सहयोग से वैश्विक व्यापार को एक नया आकार मिलने की संभावना है। वहीं कृषि, जल प्रबंधन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में इजरायली विशेषज्ञता भारत के विकास को काफी बढ़ावा देगी।

शायद यही वजह है कि अरब जगत में खलबली मची है और इस्लामिक कट्टरता को हवा देने वाले पश्चिमी और पूर्वी देशों में बेचैनी भी। इस प्रकार की वैश्विक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। जहां मोदी की इजरायल यात्रा से इस्लामी देशों की मीडिया में खलबली मची, क्योंकि यह 'इस्लामी उग्रवाद' विरोधी एक्सिस का संकेत माना गया। वहीं फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखते हुए अमेरिका को सिग्नल देते हुए भारत ने ग्लोबल साउथ में संतुलित भूमिका निभाई,।

वहीं इस यात्रा ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वैश्विक छवि को मजबूत किया, जो गाजा संकट के बीच चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि आए दिन बढ़ते वैश्विक इस्लामिक कट्टरता परस्त आतंकवाद, भीड़ हिंसा और लक्षित हमलों से भारत और इजरायल दोनों को खतरा है, इसलिए उनकी पारस्परिक और लाभप्रद एकजुटता भारत-इजरायल विरोधी देशों को चुभती रहती है।

# युद्ध नहीं, शांति ही बदलती दुनिया की अनिवार्य अपेक्षा

**-: ललित गर्ग:-**

**नई** बनती दुनिया का चेहरा जितनी तेजी से बदल रहा है, उतनी ही तेजी से वैश्विक असुरक्षा की भावना भी गहराती जा रही है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता टकराव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि वह एक ऐसे वैश्विक असंतुलन का संकेत है जिसमें शक्ति संतुलन की पुरानी व्यवस्थाएं टूट रही हैं और नई विश्व-व्यवस्था अभी स्थिर रूप नहीं ले सकी है। जब महाशक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष युद्ध में उतरती हैं, तब उसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर समूची मानवता को प्रभावित करता है। ऊर्जा बाजार, आपूर्ति श्रृंखलाएं, मुद्रा विनिमय दरें, शेयर बाजार, खाद्य सुरक्षा, शांतिपूर्ण मानव जीवन और कूटनीतिक समीकरण-सब कुछ अनिश्चितता के घेरे में आ जाता है। मध्यपूर्व में किसी भी बड़े युद्ध का पहला असर तेल आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति यदि बाधित होती है तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आती है-एक ओर आयात बिल बढ़ता है, दूसरी ओर महंगाई और राजकोषीय दबाव में वृद्धि होती है। यदि कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं तो परिवहन, उर्वरक, बिजली और विनिर्माण लागत में वृद्धि अनिवार्य है, जिसका सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। वैश्विक वित्तीय बाजार पहले ही अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, ऐसे में लंबा खिंचता युद्ध निवेश और विकास की गति को भी धीमा कर सकता है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था की परीक्षा है। ऐसे समय में युद्ध को तेज करने के बजाय उसे रोकने की कोशिशों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। दोनों पक्षों से परिपक्वता और संयम की अपेक्षा है, विशेषकर अमेरिका से, जो स्वयं को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में देखता है और जिसे शक्ति के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी परिचय देना चाहिए। एक तेल उत्पादक देश के रूप में ईरान का अस्तित्व और स्थिरता विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है; वहां की अस्थिरता ऊर्जा बाजार से लेकर विकासशील देशों की वित्तीय संरचना तक को प्रभावित कर सकती है। हालिया हमलों में सैकड़ों लोगों के मारे जाने, हजारों के घायल होने और बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की खबरें मानवता के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। ईरान में शीर्ष नेतृत्व पर हमलों और उसके बाद तेहरान आदि मुस्लिम देशों की तीखी प्रतिक्रियाओं ने पश्चिम एशिया के हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा; इसका प्रभाव दक्षिण एशिया की भू-राजनीति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, वैश्विक कूटनीतिक संतुलन और विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी होगा।

युद्ध आर्थिक संकट ही नहीं लाता, वह सामाजिक ताने-बाने को तोड़ता है, सांस्कृतिक संवाद को बाधित करता है और राष्ट्रों के बीच अविश्वास की दीवारें ऊंची करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि बदलती दुनिया में सह-अस्तित्व, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग की भावना को पुनर्जीवित किया जाए। शक्ति प्रदर्शन के स्थान पर समझदारी, प्रतिशोध के स्थान पर कूटनीति और वर्चस्व के स्थान पर साझी जिम्मेदारी-इन्हीं मूल्यों से विश्व को स्थिरता मिल सकती है। यह संघर्ष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और भू-राजनीतिक भी है। यूक्रेन संकट के बाद विश्व पहले ही ध्रुवीकरण की दिशा में बढ़ चुका था। अब यदि पश्चिम एशिया में स्थायी अस्थिरता पैदा होती है तो वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संतुलन साधना कठिन हो जाएगा। भारत एक ओर अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग भी मजबूत हुआ है। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़े होना भारत की बहुस्तरीय विदेश नीति के लिए जटिल प्रश्न बन सकता है।



भारत की विशेष चिंता यह भी है कि मध्यपूर्व में लगभग 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं। यदि युद्ध की आग फैलती है तो न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, बल्कि भारत को मिलने वाली अरबों डॉलर की प्रेषण राशि पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ने से व्यापारिक शिपमेंट महंगे हो सकते हैं। यह परिस्थिति भारत के विकास पथ पर दबाव डाल सकती है, जो अभी विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे समय में भारत की भूमिका केवल एक प्रभावित राष्ट्र की नहीं, बल्कि एक संभावित मध्यस्थ और संतुलनकर्ता की भी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में बहुध्रुवीय कूटनीति की जो नीति अपनाई है, वह इसी प्रकार की जटिल परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध हो सकती है। भारत ने एक ओर अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी को सुदृढ़ किया है, वहीं रूस से ऊर्जा सहयोग बनाए रखा है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित संबंध कायम रखे हैं। यह ह्यरणनीतिक स्वायत्तताह्ण की नीति भारत को किसी एक खेमे में बंधने से बचाती है। भारत का यह दृष्टिकोण उसे संवाद और शांति प्रयासों के लिए विश्वसनीय मंच प्रदान कर सकता है। भारत इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, जिसमें ईरान भी सदस्य बन चुका है। यह मंच वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त करने का अवसर देता है। यदि भारत इस मंच के माध्यम से युद्धविराम, संवाद और बहुपक्षीय समाधान की पहल करता है, तो वह न केवल अपनी कूटनीतिक विश्वसनीयता बढ़ा सकता है, बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी योगदान दे सकता है। संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता या सीमित प्रभाव के बीच मध्यम शक्तियों की भूमिका बढ़ना स्वाभाविक है। भारत, जो स्वयं उपनिवेशवाद और शीत युद्ध की राजनीति से सीख लेकर उभरा है, शांति-आधारित बहुपक्षवाद का पक्षधर बन सकता है। दूसरी ओर, दक्षिण एशिया में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आंतरिक अस्थिरता का प्रभाव भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है। यदि पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ती है और साथ ही दक्षिण एशिया में भी उथल-पुथल होती है, तो भारत को दो मोर्चों पर रणनीतिक सतर्कता रखनी होगी। आतंकवाद, कट्टरता और अवैध हथियारों का प्रसार ऐसे वातावरण में बढ़ सकता है। अतः भारत के लिए यह समय केवल आर्थिक प्रबंधन का नहीं, बल्कि सुरक्षा और कूटनीतिक संयम का भी है।

समाधान क्या हो सकता है? प्रथम, युद्धविराम और संवाद की बहुपक्षीय पहल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वैश्विक शक्तियों को यह समझना होगा कि स्थायी शांति केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि राजनीतिक समझौते और पारस्परिक सम्मान से आती है। द्वितीय, ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश को तेज करना होगा, ताकि तेल-निर्भरता कम हो और भू-राजनीतिक संकटों का असर सीमित किया जा सके। तृतीय, वैश्विक संस्थाओं का पुनर्गठन आवश्यक है, ताकि वे केवल महाशक्तियों के प्रभाव का साधन न बनकर न्यायपूर्ण और प्रभावी मंच बन सकें। चतुर्थ, क्षेत्रीय संवाद मंचों-जैसे ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत के लिए भी यह अवसर है कि वह ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ण की अपनी परंपरा को व्यवहार में उतारे। शांति, सहअस्तित्व और संवाद का संदेश केवल भाषणों तक सीमित न रहकर ठोस कूटनीतिक पहलों में दिखना चाहिए। यदि भारत ऊर्जा विविधीकरण, रक्षा आत्मनिर्भरता, डिजिटल और हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाता है, तो वह वैश्विक संकटों के बीच भी स्थिरता बनाए रख सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की सक्रियता-चाहे वह बहुपक्षीय मंचों पर भागीदारी हो या क्षेत्रीय देशों के साथ प्रत्यक्ष संवाद-भारत की अस्मिता और हितों की रक्षा के प्रयास का संकेत देती है।

निश्चित तौर पर युद्ध किसी भी देश के लिए स्थायी लाभ का माध्यम नहीं बन सकता। इतिहास गवाह है कि शक्ति-प्रदर्शन से अस्थायी विजय मिल सकती है, किंतु स्थायी शांति केवल न्याय, संवाद और सहयोग से ही आती है। नई बनती दुनिया को यदि स्थिर और मानवीय बनाना है, तो उसे हथियारों की दौड़ से आगे बढ़कर सहअस्तित्व की संस्कृति अपनानी होगी। भारत, जो स्वयं विविधता और सहिष्णुता का प्रतीक है, इस परिवर्तन का अग्रदूत बन सकता है। चुनौती बड़ी है, किंतु अवसर भी उतना ही व्यापक है-शर्त यह है कि विश्व नेतृत्व युद्ध की भाषा छोड़कर शांति की भाषा सीखे और भारत अपने संतुलित, स्वायत्त और दूरदर्शी दृष्टिकोण से इस वैश्विक उथल-पुथल में स्थिरता का स्तंभ बने।

# लंबे समय से पाठ्य पुस्तकों के जरिए खराब किया जा रहा है बच्चों का दिमाग

**– डॉ. ज्ञान पाठक**

**मौजूदा** मामले में, सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य चिंताएं न्यायपालिका के चित्रण, संस्थागत विश्वसनीयता को संभावित रूप से कमजोर करने और स्कूली छात्रों के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करने के तरीके के इर्द-गिर्द घूमती रहीं। लेकिन, गहरी और सोची-समझी साजिश एक पुराना आरोप है जो 2014 से कई दूसरे मामलों से जुड़ी कई पाठ्यपुस्तकों में बदलाव के लिए लगाया जाता रहा है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी)की एक किताब पर पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है, और एक पाठ के खास संदर्भ में 'गहरी जड़ें और सुनियोजित साजिश' शब्द का इस्तेमाल किया है, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार और उसके कामकाज पर चर्चा की गई है। केवल एक निष्पक्ष जांच ही साजिश के सभी आयामों को सामने ला सकती है, जो 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से पूरे देश के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने के लिए खतरा बनी हुई है। सवाल यह है कि क्या इस साजिश में आरएसएस-भाजपा कुनबे की सरकार शामिल है और साजिश की जड़ें कहीं उससे भी ज्यादा गहरी हैं जितनी कि अभी टिप्पणी की गयी है?




मौजूदा मामले में, सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य चिंताएं न्यायपालिका के चित्रण, संस्थागत विश्वसनीयता को संभावित रूप से कमजोर करने और स्कूली छात्रों के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करने के तरीके के इर्द-गिर्द घूमती रहीं।

लेकिन, गहरी और सोची-समझी साजिश एक पुराना आरोप है जो 2014 से कई दूसरे मामलों से जुड़ी कई पाठ्यपुस्तकों में बदलाव के लिए लगाया जाता रहा है। भारत को यह जानने की जरूरत है कि आरएसएस-भाजपा की सरकार पाठ्यपुस्तक में बदलाव के जरिए हमारे बच्चों को एक खास तरीके से गुमराह करने के लिए पूरी शिक्षा प्रणाली को बदलने में किस हद तक शामिल रही है।

मौजूदा मामले में, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने एनसीईआरटी और केंद्र और राज्य शिक्षा विभागों को यह पक्का करने का आदेश दिया है कि किताब की सभी कॉपी, चाहे वह हार्ड कॉपी हो या डिजिटल, जनता की पहुंच से हटा दी जाएं। सीजेआई ने कहा, 'हम और गहरी जांच चाहते हैं। हमें यह पता लगाना होगा कि कौन जिम्मेदार है और हम देखेंगे कि कौन लोग हैं। सजा मिलनी चाहिए! हम केस बंद नहीं करेंगे।'

विवादित बातें सामने आने के बाद एनसीईआरटी निदेशक द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को दी गई जानकारी पर पीठ ने कड़ी आपत्ति जताई। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'किताब में जो कुछ भी बहुत ही बेइज्जती और लापरवाही से लिखा गया है, उस पर अपनी राय देने के बजाय, एससीईआरटी के निदेशक ने जवाब में लिखित सामग्री का बचाव किया।'

न्यायालय के आदेश में कहा गया, 'हमें ऐसा लगता है कि यह संस्थागत अधिकार को कमजोर करने और न्यायपालिका की इज्जत को गिराने की एक सोची-समझी चाल है। अगर इसे ऐसे ही चलने दिया गया, तो यह आम लोगों और युवाओं के आसानी से प्रभावित होने वाले मन में न्यायिक कार्यालय की पवित्रता को खत्म कर देगा।'

ये तो न्यायपालिका से जुड़े सिर्फ कुछ उदाहरण हैं।

कई और भी मामले हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है, अगर भारत को उस 'गहरी और सोची-समझी साजिश' का पदार्फाश करने की जरूरत है, जिसकी ओर सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने इंगित किया है।

भारत में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को कैसे बदला जाता है, इस पर विवाद और राजनीतिक बहसें होती रही हैं – विपक्ष और नागरिक समाज के आलोचकों का दावा है कि ये बदलाव सरकार और उसके सैद्धान्तिक समर्थक भाजपा और आरएसएस की इतिहास और सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई को नया रूप देने की कोशिश को दिखाते हैं।

# 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' उर्फ 'एआई' : मुकाबले में इंसानी अक्ल

**–राज कुमार सिन्हा**

**'एआई'** का आधार 'डेटा' है और यही सबसे बड़ा जोखिम भी है। नागरिकों के व्यक्तिगत 'डेटा' का अंधाधुंध संग्रह, उसका व्यावसायिक उपयोग और राज्य द्वारा निगरानी, निजता के अधिकार को कमजोर कर रहे हैं। 'फेस रिकग्नीशन' जैसी तकनीकें सुरक्षा के नाम पर लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं के लिए खतरा बन सकती हैं।




पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का समापन 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग के लिए उसके प्रभाव पर ऐतिहासिक 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को स्वीकार किए जाने के साथ समाप्त हुआ। करीब 91 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस घोषणापत्र से सहमति जाहिर की। घोषणापत्र जोर देता है कि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' में निहित सिद्धान्त की तर्ज पर 'एआई' के लाभों को मानवता के बीच समान रूप से साझा किया जाना चाहिए। 'वसुधैव कुटुम्बकम' से प्रेरित यह घोषणा 'एआई' संसाधनों तक न्यायसंगत पहुंच पर बल देती है, ताकि सभी देश सार्वजनिक लाभ के लिये उसे विकसित कर सकें। इस शिखर सम्मेलन से दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को बढ़ावा मिलने और 'एआई' को आर्थिक विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में स्थापित करने की उम्मीद है।

आयोजकों का कहना है कि शिखर सम्मेलन से दीर्घकालिक साझेदारियों को मजबूती मिलने और देशों को साझा सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप में बदलने के लिए प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं और उभरते बाजारों दोनों की भागीदारी के साथ, 'नई दिल्ली घोषणा' 'एआई' विकास पर आम सहमति बनाने और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक वैश्विक प्रयास का प्रतीक है।

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप बदल रहा है। खासतौर पर 'एआई' के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है। जानकारों का कहना है कि 'एआई' आज केवल तकनीक का विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह समाज, अर्थव्यवस्था, राजनीति और मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावित करने वाली शक्ति बन चुकी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग, संचार, सुरक्षा और शासन-हर क्षेत्र में 'एआई' के उपयोग ने नई संभावनाएं खोली हैं, वहीं कई गहरी और जटिल चुनौतियां भी हमारे सामने खड़ी कर दी हैं। राजनीतिक विश्लेषण सेवा 'एआई' को अक्सर चौथी औद्योगिक क्रांति का केंद्र माना जाता है।

## सेमरा के पास गंगा नदी में मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस पहचान में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम सेमरा के समीप गंगा नदी में गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया और उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार, 5 मार्च 2026 को कुछ ग्रामीणों ने सेमरा के पास गंगा नदी में एक शव तैरता हुआ देखा। इसके बाद तुरंत डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश



त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कराई।पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। युवक ने काले रंग की जींस पैंट, हरे रंग की गोल गले की शर्ट और एक जैकेट पहन रखी थी। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, पांच घायल एक की हालत गंभीर



**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । थाना** गोसाईगंज क्षेत्र के इटकौली गांव के पास हाईवे किनारे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में सनी सिंह, पुत्र पूर्व प्रधान फतेहपुर संगत, की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति में थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और हादसा हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## आयुष्मान योजना के तहत ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । जनपद** सुल्तानपुर के मायंग महिलो आशापुर निवासी राजेश पुत्र रामकरण उम्र लगभग 50 वर्ष की ऑपरेशन के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला आयुष्मान भारत योजना के तहत हुए ऑपरेशन से जुड़ा है। घटना के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही और एनेस्थीसिया की अधिक मात्रा देने का आरोप लगाया है, जबकि अस्पताल प्रशासन ने आरोपों को निराधार बताया है।परिजनों और अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार राजेश को पेशाब की थैली (ब्लैडर) में पथरी की समस्या थी।सुल्तानपुर स्थित शुभांगी हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के तहत भर्ती कराया गया।आवश्यक जांचें पूरी करने के बाद ऑपरेशन तय किया



गया।ऑपरेशन यूरोलॉजिस्ट डॉ.आलोक कुमार मौर्या (लखनऊ) द्वारा किया जाना था,जो आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं।एनेस्थीसिया (बेहोशी) की जिम्मेदारी डॉ. शुभ्रा सिंह (लखनऊ) के पास थी।ऑपरेशन की प्रक्रिया लगभग 6 बजे मरीज को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया।स्पाइनल एनेस्थीसिया दिया गया।करीब आधे घंटे तक ऑपरेशन चला।बताया गया कि पथरी का आकार बड़ा था, जिससे प्रक्रिया जटिल हो गई।इसी दौरान मरीज को बेचैनी और झटके आने लगे।

एनेस्थीसिया विशेषज्ञ द्वारा स्थिति संभालने का प्रयास किया गया।स्थिति गंभीर होने पर शाम लगभग 7:30 बजे मरीज को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के महुली में कार्यरत शिक्षक राकेश कुमार शुक्ला ने सहाई फाउंडेशन के तत्वावधान में ह्लजन्मदिन मनाओ,पेड़ लगाओ ,पर्यावरण बचाओह्वअभियान के अंतर्गत अपने जन्मदिन पर विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने जन्मदिन के खुशी के अवसर को सामाजिक सरोकार से जोड़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सहयोगियों ने आम का पौधा रोपित किया। शिक्षक रवींद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्या को



देखते हुए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने जन्मदिन के महत्वपूर्ण अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले।फाउंडेशन के प्रतिनिधि विक्रमाजीत ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण के इस संकल्प से जुड़ सकें।

# धर्मनगरी में धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस लाइन में होली का पावन पर्व बुधवार को हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हुए उत्साहपूर्वक होली का पर्व मनाया। सांस्कृतिक माहौल के बीच सभी ने पारंपरिक ढंग से होली का आनंद लिया तथा एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर त्योहार मनाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल, समस्त थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर होली के इस पर्व को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया।

# अवैध शराब के साथ आठ कारोबारी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने आठ आरोपियों को 208 क्वार्टर देशी व 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

अभियान के तहत सीतापुर चैकी प्रभारी यदुवीर सिंह व उनकी टीम आरक्षी अनुज यादव व नागेश द्वारा आरोपी जगदीश उर्फ जग्गू निवासी सतना बस स्टैण्ड को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ, थाना बहिलपुरवा के उपनिरीक्षक प्रभाकर उपाध्याय, दिनेश कुमार पाण्डेय व उनके हमराही मुख्य आरक्षी नूर मोहम्मद द्वारा आरोपी राजेश कुमार निवासी गोंडा थाना बहिलपुरवा को 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ, उपनिरीक्षक राजेश कुमार चैरसिया, सुरेश सिह व उनकी टीम मुख्य आरक्षी कल्लू खां व महिला आरक्षी रीना यादव द्वारा आरोपी महेन्द्र कुमार निवासी बडी मडैयन थाना बहिलपुरवा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ, चैकी प्रभारी गनीवा अनिल कुमार गुप्ता व उनकी टीम आरक्षी रामकेश व राहुल दीक्षित द्वारा आरोपी किशोर कुमार निवासी बक्टा बुजुर्ग थाना पहाड़ी को 24 क्वार्टर व वीरेन्द्र सिह निवासी प्रसिद्धपुर थाना पहाड़ी को 45 क्वार्टर शराब के साथ, थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक अतेन्द्र सिंह चौहान व उनके हमराही आरक्षी कामता द्वारा आरोपी शिबवरन निवासी दुगवां थाना भरतकूप को 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक श्याम देव सिंह व उनके हमराही आरक्षी मृत्युन्जय पाण्डेय द्वारा आरोपी मनोज यादव निवासी सिकरी मोड़ थाना पहाडी को 14 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक सुभाष सिंह चैहान व उनके हमराही आरक्षी अजीजउद्दीन थाना मानिकपुर द्वारा आरोपी महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सिगवां कोटा कदैंला थाना मानिकपुर को 60 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पुलिस चौकी व ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण कार्य के लिए 6.23 करोड़ स्वीकृत

**चित्रकूट।** जनपद में पुलिस अवसंरचना सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। तहसील मानिकपुर के ग्राम कल्याणपुर में स्थापित नवीन पुलिस चौकी कल्याणपुर के आवासीय भवनों तथा वाराणसी कमिश्नरेट के अधिकारियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण कार्य को शासन स्तर से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन विशेष सचिव दिनेश कुमार ने पत्र जारी कर दोनों परियोजनाओं के लिए कुल 6,23,76,000 रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। बताया कि मानिकपुर तहसील में नवीन पुलिस चैकी कल्याणपुर के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 422.92 लाख रुपये तथा वाराणसी कमिश्नरेट के अधिकारियों के ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण के लिए 200.84 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कुल स्वीकृत धनराशि 6.23 करोड़ रुपये है, जिसे चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यय किया जाएगा। बताया कि निर्माण कार्य के लिए नामित कार्यदायी संस्था से निर्धारित समयसीमा में एवं उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी दशा में लागत में पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा। कार्य प्रारंभ से पूर्व सभी आवश्यक वैधानिक अनापत्तियाँ एवं पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ प्राप्त की जाएंगी तथा मानचित्र सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित कराए जाएंगे। बताया कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य किसी अन्य योजना में पूर्व से स्वीकृत या प्रस्तावित न हो, जिससे धनराशि की पुनरावृत्ति न हो। बताया कि परियोजना में किसी प्रकार का परिवर्तन सक्षम स्तर की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जाएगा। बताया कि निर्माण कार्य ह्यूनिवर्सल एक्सेसिबिलिटीह्व के मानकों के अनुरूप कराया जाएगा, ताकि भवन दिव्यांगजन के लिए बाधारहित एवं सुविधाजनक हों। साथ ही वित्तीय प्रावधानों व शासनादेशों के अनुरूप ही धनराशि का व्यय किया जाएगा।

# चित्रकूट डीएम-एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ खेली होली पुलिस लाइन में अबीर-गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**चित्रकूट।** चित्रकूट पुलिस लाइन में गुरुवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन परिसर में सौहार्दपूर्ण और उत्सवी वातावरण बना रहा। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पारंपरिक अंदाज में होली मनाई तथा खुशियां साझा कीं। पूरे परिसर में रंग-गुलाल के साथ उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने इस अवसर पर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से मिलजुल कर शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देता है। एसपी ने सभी से होली के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल और सभी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर उत्साह और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया।

# चित्रकूट में ट्रैक्टर पलटा कौशांबी के दो मजदूरों की मौत



**चित्रकूट।** चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। भंवरी बाजार के पास एक ट्रैक्टर पलटने से यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतकों की पहचान अल्ली उर्फ फूलचंद (पुत्र मुंशी) और श्यामलाल के रूप में हुई है। ये दोनों कौशांबी जिले के खुर्रमपुर करी गांव के निवासी थे। परिजन के अनुसार, दोनों युवक धन दरई मशीन के साथ काम के सिलसिले में चित्रकूट आए थे और यहीं मजदूरी कर रहे थे।

बुधवार देर रात दोनों मजदूर ट्रैक्टर से भंवरी बाजार की ओर सामान लेने जा रहे थे। रास्ते में बाजार पहुंचने से पहले ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। रैपुरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शवों को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे चित्रकूट के लिए रवाना हो गए। रैपुरा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से दो लोगों की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में सरधुवा थाना टीम द्वारा जान से मारने की नियत से फायर करने के आरोपी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। सरधुवा थाना प्रभारी रामसिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को थाना क्षेत्र के बरहर पुरवा के मजरा सुरवल निवासी शिवा पुत्र रामप्रकाश ने सूचना दी कि वह थाना क्षेत्र के देवारी पुलिया के पास से जा रहा था। इस दौरान देवारी निवासी नथन सिंह ने जान से मारने की नीयत से अवैध असलहे से फायर कर दिया। इस सूचना पर थाना सरधुवा में आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में सरधुवा थाना के उपनिरीक्षक अजहर जमाल व उनकी टीम उपनिरीक्षक अनन्त कुमार तिवारी व आरक्षी हरेन्द्र कुमार द्वारा आरोपी नथन सिंह को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर कोतवाली क्षेत्र के इटरौर भीखमपुर निवासी शैलेंद्र उर्फ गोलू (20) पुत्र रसिकलाल पटेल चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन के पास चाय पान की दुकान में काम करता था। होली के दिन बुधवार की रात लगभग दस बजे ड्यूटि खत्म होने के बाद वह अपने ही गांव के साथी मंजीत (16) पुत्र लवलेश के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। इस दौरान चुनहापुरवा के पास सामने से तेज गति से रही एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके बाद कार पेड़ से टकरा गई और दोनों बाइक सवार छिटककर दूर जा गिरे तथा कार सवार सभी लोग मौके से भाग निकले। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बाइक सवार दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान शैलेंद्र की मौत हो गई। वहीं गंभीर हालत के चलते घायल मंजीत को प्राथमिक इलाज के बाद रिफर कर दिया। शैलेन्द्र की मौत की सूचना पर परिजन आक्रोशित हो गए और हंगामा करते हुए ड्यूटि पर तैनात डॉक्टर व स्टॉफ पर शराब के नशे में इलाज का आरोप लगाया।

# मानिकपुर में एक साथ दिखे दो दर्जन से अधिक गिद्ध, वन विभाग टीम कर रही निगरानी

**मानिकपुर।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट स्थित रानीपुर टाइगर रिजर्व में गिद्धों की वापसी पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

हाल ही में मानिकपुर क्षेत्र में पर्यटकों के लिए खोले गए इस रिजर्व में दो दर्जन से अधिक संरक्षित गिद्ध एक साथ देखे गए हैं। यह क्षेत्र अब बाघ और तेंदुओं के साथ-साथ आसमान में मंडराते गिद्धों के लिए भी जाना जा रहा है। वन विभाग की नियमित निगरानी के दौरान इन गिद्धों का एक साथ दिखाई देना बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। कुछ वर्ष पहले तक चित्रकूट में गिद्धों की संख्या लगभग समाप्त हो चुकी थी, जिससे पर्यावरणविदों में चिंता थी। अब स्थिति में बदलाव दिख रहा है और इन दुर्लभ पक्षियों की जंगलों में वापसी हो रही है।



वन विभाग के अनुसार, टाइगर रिजर्व बनने के बाद से यहां जैव विविधता को सुरक्षित रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप गिद्धों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है, जिससे उनकी संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। डीएफओ प्रत्यूष कुमार कटियार ने बताया कि गिद्धों की वापसी पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके इन पक्षियों का पुनः दिखाई देना संरक्षण प्रयासों की सफलता को दशार्ता है। केंद्र और राज्य सरकारें भी गिद्ध संरक्षण के प्रति गंभीर हैं, और विशेषज्ञ टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। वाराणसी से आई एक विशेषज्ञ टीम भी इन संरक्षण कार्यों में सहयोग कर रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, गिद्धों की संख्या घटने का एक प्रमुख कारण पशुओं के इलाज में उपयोग होने वाली डाइक्लोफिनैक दवा थी, जो उनके लिए घातक सिद्ध हुई। अब रिजर्व क्षेत्र में गिद्धों के लिए सुरक्षित भोजन और बेहतर आवासीय वातावरण तैयार किया जा रहा है। वन विभाग ने आमजन से भी गिद्ध संरक्षण में सहयोग की अपील की है।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर घायल

**चित्रकूट।** चित्रकूट जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान भरथौल निवासी छोटू (35) पुत्र सूरजदीन के रूप में हुई है। छोटू पेशे से ट्रक ड्राइवर था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं।

परिजनों के अनुसार, छोटू बुधवार देर रात अपने साथी प्रमोद के साथ खोही बाजार सामान लेने गया था। सामान लेकर मोटरसाइकिल से वापस घर लौटते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि छोटू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल प्रमोद को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

छोटू की मौत की खबर से परिवार में शोक छा गया है। परिजनों ने बताया कि छोटू ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।

थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में बाइक के डिवाइडर से टकराने से हादसा होने की बात सामने आई है।

# आर-पार के मूड में ईरान, नेतन्याहू के ऑफिस में घुसा दिया खैबर शेकान बैलेस्टिक मिसाइल

**इजराइल**

**इजरायल** और अमेरिका के साझा हमले में अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई को खोने के बाद ईरान पलटवार कर रहा है। वो लगातार मीडिल ईस्ट के देशों को निशाना बनाकर मिसाइल व ड्रोन से अटैक कर रहा है। इजरायल पर भी ईरान की तरफ से लगातार अटैक किए जा रहे हैं। अब ईरान की तरफ से एक बड़ा दावा किया जा रहा है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सोमवार को दावा किया कि उसने तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय को सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कथित हमले के समय 76 वर्षीय इजरायली नेता कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा क अपराधी इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय और शासन के वायु सेना कमांडर के ठिकाने पर खेबर शेकान बैलिस्टिक मिसाइलों से 10वीं लहर के दौरान



लक्षित और अचानक हमले किए गए।

हालांकि, इजराइल या इजराइली मीडिया ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है और न ही ईरान के दावे की पुष्टि की है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद से मध्य पूर्व में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। ईरान ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में इजराइली और ईरानी ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे पहले 1 मार्च को हुए हमले में इजराइल के बेत शेमेश में ईरानी हमलों में आठ लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। यह घटना ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सटीक हमलों में हुई हत्या के एक दिन बाद घटी है। बेत शेमेश मध्य इजराइल का एक शहर है, जो यरुशलम से पश्चिम में 30 किमी या 19 मील की दूरी पर स्थित है।

इजराइल की आपातकालीन चिकित्सा टीमें बचाव अभियान के लिए घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं। घायलों को घटनास्थल से निकालने के लिए एक हेलीकॉप्टर भी बुलाया गया है। मैगन डेविड अदोम के प्रवक्ता जाकी हेलर ने कहा कि बेत शेमेश पर हुए सीधे हमले में चार लोग मारे गए। खामेनेई की हत्या के बाद ईरान द्वारा कड़ी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी के बाद ये मिसाइल हमले हुए हैं। ईरान ने मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया है और चेतावनी दी है कि वह इस क्षेत्र में वाशिंगटन और तेल अवीव की संपत्तियों पर हमले जारी रखेगा।

# US- इजरायल ने हमारी परमाणु साइट पर हमला किया

**ईरान**

**अंतर्राष्ट्रीय** परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के राजदूत ने दावा किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल ने रविवार को ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हमला किया। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी निकाय के प्रमुख ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि कथित हमलों में किसी भी परमाणु स्थल को नुकसान पहुंचा है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने सोमवार को एजेंसी के 35 सदस्यीय शासी मंडल को बताया कि एजेंसी के पास "इस बात का कोई संकेत नहीं है कि किसी भी परमाणु प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचा है या उस पर हमला हुआ है।

ग्रॉसी ने आगे कहा कि आईएईए अभी तक ईरान के परमाणु नियामक अधिकारियों से संपर्क स्थापित करने में असमर्थ रहा है। उन्होंने कहा कि ईरानी परमाणु



नियामक अधिकारियों से संपर्क करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। आईएईए प्रमुख ग्रॉसी ने यह भी कहा कि ईरान की सीमा से लगे देशों में अभी तक विकिरण का स्तर सामान्य पृष्ठभूमि स्तर से ऊपर नहीं पाया गया है। रॉयटर्स के अनुसार, ग्रॉसी ने आगे कहा, "आज की स्थिति बेहद चिंताजनक है। हम गंभीर परिणामों वाले संभावित विकिरण रिसाव से इनकार नहीं कर सकते, जिसमें बड़े शहरों जितने या उससे भी बड़े क्षेत्रों को खाली कराना भी शामिल है।

उन्होंने आगे कहा कि हमें कूटनीति और बातचीत की ओर लौटना होगा। इसी बीच, आईएईए में ईरान के राजदूत रजा नजाफी ने आरोप लगाया कि अमेरिकी-इजरायली हमलों ने विशेष रूप से नतान्ज संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया और उन्होंने इन हमलों की निंदा करते हुए इन्हें गैरकानूनी, आपराधिक और क्रूर बताया।

# पाक में मचा जबरदस्त बवाल, यूएन दफ्तर को किया आग के हवाले

**पाकिस्तान**

**मिडिल** ईस्ट में तनाव अपने चरम पर पहुंच चुका है। इजराइली अमेरिकी हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्ला अली खमने की जान चली जाने के बाद पूरे क्षेत्र में भारी उथल-पुथल मच चुकी है। लेकिन इस घटना का सबसे बड़ा असर अब पाकिस्तान में दिख रहा है। दरअसल पाकिस्तान के कई शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। सबसे ज्यादा हिंसा कराची में देखी गई। जहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। यह लोग अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारे लगा रहे थे और देखते ही देखते प्रदर्शन हिंसक हो गया।

कराची में अमेरिकी काउंसलेट की ओर बढ़ रही भीड़ ने रास्ते में तोड़फोड़ शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी सुल्तानाबाद से माई कोलाची रोड होते हुए आगे बढ़ रहे थे। हालात इतने बेकाबू हो गए कि सुरक्षा बलों को भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद भीड़ काबू में नहीं आई। तो वही रिपोर्ट्स के मुताबिक कराची में स्थिति तब और बिगड़ गई जब अमेरिकी सैन्यकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग खोल दी। इस झड़प में कई पाकिस्तानियों की जान चली गई। वहीं दूसरी तरफ प्रदर्शनकारियों ने भी पुलिस पर हमले शुरू कर दिए।

इस हिंसा में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती गई और कराची में ही 16 लोगों की जान जाने की खबर सामने आ चुकी है। लेकिन मामला सिर्फ कराची



तक सीमित नहीं रहा। पाकिस्तान के अन्य शहरों में भी खामनेई की मौत के खिलाफ बड़े प्रदर्शन हुए। लाहौर, इस्लामाबाद और उत्तरी क्षेत्रों में भी लोगों ने सड़कों पर उतर कर विरोध किया। अब सबसे ज्यादा चौंकाने वाली घटना सामने आई पीओके के गिलगिट बाल्टिस्तान इलाके से। पीओके भारत का हिस्सा है लेकिन पाकिस्तान वहां जबरन कब्जा किया है। लेकिन पीओके के शिया बहुल शहर स्कारदू में प्रदर्शन देखे गए।

गुस्साई भीड़ ने कई सरकारी और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को निशाना बनाया। प्रदर्शनकारियों ने संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय में आग भी लगा दी और बता दिया कि पाकिस्तान की सेना कितनी लाचार है वहां पे। बताया जा रहा है कि जिस दफ्तर को निशाना बनाया गया वो था यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री ऑब्जर्वर ग्रुप इन इंडिया एंड पाकिस्तान यानी कि यूएन एमओजीआईपी का कार्यालय।

# गुल्फ में जंग का साया!



**अबू धाबी**

**अमेजन** की क्लाउड यूनिट एडब्ल्यूएस के बहरीन और यूएई स्थित डेटा सेंटर सोमवार को बिजली और कनेक्टिविटी की समस्याओं का सामना कर रहे थे। कंपनी ने बताया कि ईरान के जवाबी हमलों के चलते खाड़ी क्षेत्र के हवाई अड्डों, बंदरगाहों और रिहायशी इलाकों में भारी तबाही मची थी। कंपनी ने अपने स्टेटस पेज पर बताया कि यूएई में अमेजन क्लाउड यूनिट के दो जोन (डेटा सेंटरों के समूह) में सोमवार को बिजली नहीं थी। एडब्ल्यूएस ने रविवार को बताया कि यूएई में एक जोन में "किसी वस्तु" के टकराने से चिंगारी निकली और आग लग गई, जिसके बाद बिजली काट दी गई। हाल ही में हुए अमेरिकी-इजरायली हमलों में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरानी महिलाओं के रोने और खुशी से नाचने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद मिली-जुली प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई ईरानी महिलाओं ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर "ट्रम्प डांस" ट्रेंड शुरू किया है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति को उन हमलों के लिए श्रद्धांजलि देने का एक तरीका है जिनमें ईरानी सर्वोच्च नेता की जान गई। खाड़ी क्षेत्र में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण परिचालन बाधित हो रहा है। एतिहाद एयरवेज ने मंगलवार, 3 मार्च को यूएई समयानुसार दोपहर 2 बजे तक अबू धाबी आने-जाने वाली सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। खाड़ी क्षेत्र में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण परिचालन बाधित हो रहा है। एतिहाद एयरवेज ने मंगलवार, 3 मार्च को यूएई समयानुसार दोपहर 2 बजे तक अबू धाबी आने-जाने वाली सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। एतिहाद ने कहा कि जिन यात्रियों के पास 28 फरवरी, 2026 या उससे पहले जारी किए गए टिकट हैं और जिनकी यात्रा 7 मार्च, 2026 तक की है।

# ओपीडी बंद होने से मरीज हुए बेहाल



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** अधिकृत जम्मू और कश्मीर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मुज़फ़्फ़राबाद स्थित अब्बास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एआईएमएस) में हड़ताल की। ??वे अपनी लंबे समय से लंबित मांगों के चार्टर को तत्काल स्वीकार करने की मांग कर रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन के कारण ओपीडी सेवाएं अस्थायी रूप से बंद हो गईं, जिससे मरीजों और उनके साथ आए लोगों को असुविधा हुई। प्रदर्शनकारी अस्पताल परिसर के अंदर और बाहर जमा हो गए और नारे लगाते हुए अधिकारियों से अपनी मांगों को बिना किसी देरी के लागू करने का आग्रह किया।

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ (एचईएफ) के अध्यक्ष मासूम मुगल ने कहा कि चार्टर पर और बहस की आवश्यकता नहीं है, फिर भी लगभग एक महीना बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने दो प्रमुख मांगों पर प्रकाश डाला - स्वास्थ्य भत्ता और असमानता भत्ता। उनके अनुसार, कर्मचारियों को वर्तमान में 25 प्रतिशत स्वास्थ्य भत्ता मिलता है, जबकि अन्य विभागों को असमानता भत्ते का लाभ मिलता है। हालांकि, एआईएमएस के सार्वजनिक स्वास्थ्य कर्मचारियों को असमानता और उपयोगिता भत्तों से इस आधार पर वंचित रखा गया है कि उन्हें पहले से ही 25 प्रतिशत स्वास्थ्य भत्ता मिल रहा है, जिसे उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ण लाभ के बराबर माना जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्होंने 30 जनवरी को मुख्य सचिव को अपनी मांगों का चार्टर सौंपा और 6 फरवरी को प्रदर्शन किया, जिसके बाद 13 फरवरी से सांकेतिक हड़ताल शुरू हुई।

# सपनों के शहर दुबाई पर संकट, 50% बुकिंग्स कैंसिल, पर्यटक होटलों में फंसे

**दुबाई**

**मध्य** पूर्व युद्ध का पर्यटन पर गहरा असर पड़ा है। ट्रैवल कंपनियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में 50 प्रतिशत से अधिक टूर बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। सबसे अधिक बुकिंग हनीमून पैकेज, ग्रुप टूर और फैमिली पैकेज में रद्द हुई हैं। इसके अलावा, कई पर्यटक इस समय दुबई में फंसे हुए हैं। दुबई आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित हैं, जिसके कारण पर्यटकों और उनके परिवारों को गंभीर कठिनाइयों का



सामना करना पड़ रहा है। मध्य पूर्व की यात्रा की योजना बना रहे लोग अब अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार कर रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, खादेलवाल ने कहा कि मध्य पूर्व की स्थिति के कारण कई लोगों ने अपनी यात्रा योजना रद्द कर दी है। अगले 15 दिनों के लिए निर्धारित अधिकांश समूह यात्राएं रद्द कर दी गई हैं। हनीमून पैकेज और पारिवारिक यात्रा बुकिंग भी प्रभावित हुई हैं, जिससे यात्रियों में अनिश्चितता का माहौल है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिमी ने सीएनएन को बताया मैं जानती हूं कि यह कई निवासियों के लिए एक डरावना समय है।

# कामयाबी की जानकारी बहुत जल्द देंगे...ईरानी सेना ने नेतन्याहू को मारने का किया दावा, मचा हड़कंप!

**ईरान**

**ईरान** की तरफ से इजरायल को लेकर बहुत बड़ा दावा किया गया है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस पर बैलेस्टिक मिसाइल से हमले के बाद ईरानी सेना ने बयान जारी किया है। ईरानी सेना ने बयान में कहा कि नेतन्याहू का भविष्य अनिश्चित है। कामयाबी की जानकारी जल्द देंगे। एक तरफ पहले बयान जारी किया गया था कि हमने टारगेट किया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सोमवार को दावा किया कि उसने तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय को सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कथित हमले के समय 76 वर्षीय इजरायली नेता कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा क अपराधी इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय और शासन के वायु सेना कमांडर के ठिकाने पर खेबर शेकान बैलिस्टिक मिसाइलों से 10वीं लहर के दौरान लक्षित और अचानक हमले किए गए।



जिस मिसाइल के इस्तेमाल का दावा किया जा रहा है उसकी खासियत की बात करें तो इसे मोबाइल लांचर से भी दागा जा सकता है। और इसमें सबसे बड़ी खासियत ये है इसका वॉरहेड उड़ान के अंतिम चरण में भी अपनी दिशा को बदल सकता है। जिससे एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे इंटरसेप्ट करना बहुत मुश्किल होता है। इजराइल के पास सबको मालूम है कि आयरन डोम है। वो मिसाइलों को इंटरसेप्ट करके ड्रोन को इंटरसेप्ट करके हवा में ही नष्ट कर सकता है। अगर इस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया है सीधे टारगेट पर जाके लगती है। ढाई हजार किमी की इसकी मारक क्षमता है और सबसे बड़ी बात है कि आयरन डोम भी इसे इंटरसेक्ट नहीं कर पाता।

आईआरजीसी दावा कर रहा है कि पीएम के दफ्तर को ऑफिस को उसने हिट किया और उसका ये दावा है कि ये बिल्कुल सफल और सटीक रहा है और इजराइल को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है और आईआरजीसी के इस दावे के बाद वो भी इंतजार कर रहा है कि इजराइल की तरफ से इसका क्या रिप्लाई आता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.: 9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# 'आपका वोट देश का भविष्य तय करेगा'- सुशीला कार्की

**नेपाल**

**नेपाल** की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने सोमवार को मतदाताओं से 5 मार्च को होने वाले नेपाल विधानसभा चुनाव में भाग लेने का आह्वान किया। राष्ट्र को संबोधित करते हुए कार्की ने कहा कि नेपाल एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है और नागरिकों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कहा आप सभी को वह समय याद होगा जब मैंने यह जिम्मेदारी संभाली थी। जेनरेशन-जेड आंदोलन के बाद की स्थिति जटिल, संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण थी। सड़कों पर युवाओं में आक्रोश था, सबके मन में भय था और देश का भविष्य अनिश्चित था। हमारा पहला कर्तव्य उस कठिन परिवर्तन का प्रबंधन करना, देश को हिंसा से दूर शांतिपूर्ण मार्ग की ओर ले जाना और उसे संवैधानिक ढांचे में वापस लाना था। आज, मुझे इस बात की संतुष्टि है कि हमने उस कठिन परिवर्तन को पार कर लिया है और यहां तक ??पहुंचे हैं। हम कानून का शासन स्थापित करने और संवैधानिक मार्ग पर स्थिरता के साथ आगे बढ़ने में सफल रहे हैं। यह उपलब्धि आप सभी नेपाली जनता के संयम और सहयोग का परिणाम है। 8 सितंबर को हुई अशांति के बाद कई दिनों के विचार-विमर्श के बाद 12 सितंबर को कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। गुरुवार को चुनाव होने वाले हैं और सोमवार की आधी रात से मौन अवधि शुरू होने वाली है। ऐसे में कार्की ने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह



किया और इस बात पर जोर दिया कि हर वोट बदलाव लाएगा। कार्की ने कहा कि देश को राजनीतिक स्थिरता और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए सभी मतदाताओं को आगामी चुनावों में भाग लेना चाहिए। मतदान केवल चुनाव चिह्न पर मुहर लगाना और किसी को जीत दिलाना नहीं है। यह वह निर्णय है जो आप अपने और अपने बच्चों के भविष्य को आकार देने के बारे में लेते हैं। इसलिए, मैं आप सभी से विनम्र निवेदन करता हूं कि आप गुरुवार, 5 मार्च को अपने मतदान केंद्र पर जाएं, भले ही इसके लिए आपको अन्य काम छोड़ने पड़ें, और अपना वोट डालें। कार्की ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से विशेष रूप से मौन अवधि के दौरान अनुशासन बनाए रखने का आग्रह किया और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग, सुरक्षा एजेंसियों और सरकारी कर्मचारियों की तैयारियों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त तरीके से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है, और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक को रोकने के लिए चारों सुरक्षा एजेंसियों को तैनात कर दिया गया है। अंतरिम प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के इस नाजुक समय में, जब चुनाव बिल्कुल नजदीक हैं, मैं सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने का अनुरोध करती हूं। शांति ही नेपाल की सच्ची पहचान है। चुनावों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है, अलग-अलग राय हैं, लेकिन हमारे बीच कोई गलतफहमी या द्वेष नहीं होना चाहिए। मैं चुनाव मैदान में उतरे सभी राजनीतिक दलों और स्वतंत्र उम्मीदवारों को धन्यवाद देती हूं। आपका सक्रिय सहयोग ही हमारे लोकतंत्र को बचाए रखेगा। मैं सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और समर्थकों से मौन अवधि के दौरान पूर्ण अनुशासन का पालन करने और चुनाव शुरू होने से पहले बचे समय में संयमित और सम्मानजनक तरीके से प्रचार करने का भी आग्रह करती हूं।